रोहतक
बुधवार, 26 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 150
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .50

मौसम
अधि. 40.0
न्यून. 28.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




03 अफगानिस्तान ने रचा इतिहास, पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में सेफा में पहुंचा, देश में जश्न




**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **PANCHKULA** Ph: 9311853282. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **SIRSA** Ph: 9643357807.

## खबर संक्षेप

### प्रदेश मंत्रिमंडल की अहम बैठक कल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आगामी 27 जून को दोपहर बाद दो बजे होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि यह बैठक पहले बारह बजे होनी निश्चित हुई थी। समय में परिवर्तन के बाद अब मंत्रिपरिषद की बैठक दोपहर बाद दो बजे बजे मुख्य सभा कक्ष, चौथी मंजिल, हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में होगी।

### देब ने ली लोकसभा सदस्य की शपथ

**चंडीगढ़।** त्रिपुरा वेस्ट से सांसद बिप्लब कुमार देब ने मंगलवार को



18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में संसद में गोपनीयता की शपथ ली। बिप्लब हरियाणा के प्रभारी एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी भी हैं। संसद में शपथ लेने के बाद देब ने कहा कि संसद सदस्य के रूप में शपथ लेना गौरव की बात है।

# भाजपा 'धर्मनगरी' से फूंकेगी चुनावी बिगुल, अमित शाह देंगे जीत का मंत्र

■ केंद्रीय गृहमंत्री 29 को लेंगे पार्टी नेताओं की बैठक ■ मुख्यमंत्री आज दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 29 जून को कुरुक्षेत्र में हरियाणा भाजपा की कार्यकारिणी के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर दिशा निर्देश देंगे। भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य की सत्ता हासिल करना चाहती है और हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उसकी जीत की राह में बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

### तैयारी में जुटी पार्टी

साफ जाहिर है कि ऐसे में भाजपा अपनी चुनावी रणनीति को चाक चौबंद करने में जुटी है। अमित शाह के दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा सभी जरूरी तैयारियों में जुटी है। इस महत्वपूर्ण बैठक में शाह के अलावा मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब देब पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु , ओपी धनखड़, सुधा यादव के अलावा राज्य



■ लोकसभा चुनाव में पांच सीट ही जीत सकी थी भाजपा

■ कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए रोडमैप देंगे शाह

सरकार के मंत्री, पार्टी के सभी सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कार्यकर्ताओं को 90 दिनों का रोडमैप दिया जाएगा।

विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही भाजपा में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, इस क्रम में नई दिल्ली, पंचकूला, गुरुग्राम रोहतक के बाद भाजपा कुरुक्षेत्र में चंडीगढ़ में दो बड़ी बैठक करेगी। वही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को नई दिल्ली जाएंगे और पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे। हरियाणा में अबकी बार लोकसभा चुनाव में भाजपा अपनी पांच सीट नहीं बचा पायी। 2019 में भाजपा ने सभी दस लोकसभा सीट जीती थी लेकिन इस बार मात्र पांच सीट ही अपने खाते में हासिल कर सकी। कांग्रेस ने भाजपा से पांच लोकसभा सीटें तो छिनी ही साथ ही इसे विधानसभा सीटों के नजरिये से देंखे तो कांग्रेस 46 सीटों पर बढ़त बनाने में भी कामयाब रही।

**बैठकों का दौर शुरू :** भाजपा 42 सीटों पर आगे रही। प्रदेश में इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 46.06 फीसद वोट प्राप्त हुए, कांग्रेस 43.73 फीसद वोट ले गई। जबकि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 58 फीसद था। 5 सालों में पार्टी का प्रदेश में 11.06 वोट प्रतिशत घटा है। वहीं, कांग्रेस का वोट शेयर देखें तो इस चुनाव लोकसभा चुनाव में में 15.31 फीसद की बढ़ोतरी करने में सफल रही। 2019 में कांग्रेस को सिर्फ 28.42 फीसद वोट ले पायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी दस लोकसभा सीट जीतने के तीन चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा छूने में असफल रही थी। 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में 40 सीट ही जीत पायी थी।

### भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व हरियाणा में पार्टी की वर्तमान स्थिति को लेकर सतर्क है। जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और जजपा और आईएनएलडी की अति कमजोर हालत के चलते राज्य में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही तय है। राज्य सरकार के कई मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी को जीत नहीं दिला पाए और प्रदेश भाजपा के कई बड़े नेताओं के हलकों में कांग्रेस बढ़त हासिल करने में कामयाब रही। इसके अलावा किसानों की नाराजगी,बेरोजगारी, महंगाई और अग्निवीर जैसे मुद्दे भी चुनाव के दौरान एकबार फिर बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। जाहिर है अमित शाह प्रदेश भाजपा के नेताओं के साथ इन मुद्दों पर भी मंथन करेंगे।

# 378 पुलिस थानों में नए कानूनों की जानकारी देने को कार्यक्रम होंगे



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह सचिव के साथ बैठक करते प्रदेश के मुख्य सचिव व अधिकारी।

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बारे में आगामी 1 जुलाई को राज्य के सभी 378 पुलिस थानों और जेलों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य आमजन को तीन नए आपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में शिक्षित करना है। प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान यह जानकारी दी।

बैठक में 1 जुलाई से होने वाले इन नए आपराधिक कानूनों के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने आपराधिक न्याय प्रणाली के इस महत्वपूर्ण सुधार में हरियाणा की भूमिका का भी उल्लेख किया।ष

# प्रदेश में सवा आठ सौ करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में सोमवार शाम हुई हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में क़रीब सवा आठ सौ करोड़ रुपये के कार्यों की मंजूरी दी गई। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा, बिजली मंत्री रणजीत सिंह, विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में पुलिस कर्मचारियों के लिए अम्बाला में लगभग 19 करोड़ रुपये से बनने वाले 96 मकानों के टेंडर की अंतिम मंजूरी दी गई। इसके अलावा भिवानी जिला के गांव खरकड़ी में महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर




यूनिवर्सिटी के रीजनल रिसर्च स्टेशन में 9.47 करोड़ रुपये से तथा इसी यूनिवर्सिटी के करनाल में 358 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई। बिजली विभाग में ज्यादा क्षमता के करंट बहने वाले कंडक्टर को बदलने के लिए 111 करोड़ रूपये, फरीदाबाद जिला के गांव धौज में सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के लिए 19.32 करोड़ रूपये, कैथल जिला के गांव ढांड में जलापूर्ति क्षमता की अपग्रेडशन के लिए 28.60 करोड़ रूपये, रेवाड़ी जिला में सादलपुर रेलवे लाइन पर 2 लेन का आरओबी बनाने पर 23 करोड़ रुपये व पानीपत -डाहर रोड को 4-लेन करने के लिए 15.80 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# प्रदेश में कानून -व्यवस्था की स्थिति खराब : हुड्डा

**चंडीगढ़।** प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा हिसार के एक शोरूम में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग और रंगदारी मांगने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। ऐसी ही घटनाओ की ख़बर हरेक जिले से आ रही है।भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा देश के सबसे शांतिपूर्ण राज्यों में शुमार था। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रदेश से बदमाशों और गैंगस्टरों का भगाया गया था। लोग बिना किसी डर के अपनी जिंदगी जीते थे और व्यापारी बिना किसी भय के कारोबार करते थे। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने कभी कानून व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया।




इसलिए प्रदेश में बदमाश, गैंगस्टर और माफिया फिर से सक्रिय हो गए। जो हरियाणा 2014 से पहले विकास में नंबर वन था, उसे बीजेपी ने क्राइम स्टेट बना दिया है।

पिछले कुछ सालों में बदमाश कारोबारी से लेकर राजनीतिज्ञों तक सभी को अपना निशाना बना चुके हैं। व्यापारियों पर सरेआम फायरिंग, उनकी हत्या और चुने हुए विधायकों तक से फिरौती मांगने की वारदातें आम हो गई हैं। आम आदमी की स्थिति क्या होगी इसका अंदाजा एनसीआरबी की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 365 दिनांक 22.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – फूल कुमार सुनसुना
**पिता/पति का नाम** – पुत्र मुरारी सुनसुना
**पता**– निवासी कुरल जिला सोलापुर महाराष्ट्र
**उम्र**– 63 वर्ष
**कद**– लगभग 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**– रंग सांवला, लंबा चेहरा, पतला शरीर, दाहिने पैर व हाथ में लकवा लगा हुआ है।
**पहनावा** – सफेद रंग की शर्ट, जामुनी रंग की पैंट, पैरों मे रबड की चप्पल पहने हुए।
दिनांक 22.06.24 को फूल कुमार सुनसुना पुत्र मुरारी सुनसुना निवासी गांव निवासी कुरल जिला सोलापुर महाराष्ट्र हाल रोहतक किरायेदार अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चला गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9996780975

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 212 दिनांक 21.06.2024 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – संदीप
**पिता/पति का नाम**– पुत्र राजकुमार
**पता** – निवासी गांव ईस्माईला 11 बी सांपला रोहतक
**उम्र**– 42 वर्ष
**कद**– लगभग 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**– रंग गेंहुआ, लंबा चेहरा, माथे पर चोट के निशान।
**पहनावा** – नीले रंग की लोवर, चैकदार शर्ट, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।
दिनांक 21.06.24 को संदीप पुत्र राजकुमार निवासी गांव ईस्माईला 11 बी सांपला जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चला गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466353365

पीआरडीएच-1084/11/2465/2025/27138/88/6 दि. 25.06.24

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### परिणाम

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 10.01.2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग (विज्ञा. सं. 13/2022) में जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला) के पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी। निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु बुलाये जाने के लिए अंतरिम रूप से क्वालीफाइड घोषित किया गया है, जो सभी अन्य पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है। नीचे दर्शाये गये अनुक्रमांक आरोही क्रम में हैं और मैरिट के क्रम में नहीं :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | 402 | 403 | 407 | 408 | 409 | 410 | 411 |

**टिप्पणी :-**
1. यद्यपि परिणाम तैयार करने में यथोचित सावधानी बरती गई है। तथापि, अनजाने में किसी त्रुटि से इंकार नहीं किया जा सकता है। आयोग किसी त्रुटि को बाद में किसी स्तर पर सुधारने का इसका अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. परिणाम आयोग की वेबसाइट अर्थात https://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।
3. साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा 05.07.2024 को आयोजित की जाएगी।

**दिनांक : 25.06.2024**

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/257/2025/27160/88/6 दि. 25.06.24


# अयोध्या में बनेगा हरियाणा का अतिथि गृह, सैद्धांतिक सहमति

**चंडीगढ़।** हरियाणा से अयोध्या में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में विकसित कर रही है। हरियाणा सरकार भी अयोध्या में अपना गेस्ट हाउस (अतिथि गृह) बनाने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर हरियाणा सरकार ने इसके लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। सरकार के इस समय हरियाणा के अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में गेस्ट हाउस चल रहे हैं। अब हरियाणा सरकार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भी गेस्ट हाउस बनाने की दिशा में काम शुरू कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में मंत्रियों तथा विधायकों का एक शिष्टमंडल सोमवार को अयोध्या में दर्शन करके लौटा है। इसके अलावा हरियाणा सरकार पहले ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू कर चुकी है, जिसके अंतर्गत हरियाणा से यात्री बसों व ट्रेन के माध्यम से अयोध्या जा रहे हैं।

# सरकार हर मोर्चे पर फेल : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चाहे युवाओं को सरकारी नौकरी देने की बात हो या फिर कानून व्यवस्था की बात है भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो रही है। भाजपा ने युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नीट की परीक्षा में धांधली के सबूत मिलने और सीबीआई द्वारा केस दर्ज करने के बाद भी पेपर को रद नहीं किया गया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए गए 5 नंबरों को खारिज कर दिया है जिसके कारण लाखों बच्चों के सरकारी नौकरी पाने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इन सबसे यह निष्कर्ष निकलता है कि सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती।

## सीएम की घोषणा से ओबीसी समाज खुश

**चंडीगढ़।** बीजेपी ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री मंत्री कर्णदेव कंबोज ने राज्य की नायब सैनी सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के कल्याण को लेकर उठाए जा कदमों का स्वागत किया है। चंडीगढ़ विधायक दल के ऑफिस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दावा किया है कि जल्दी वे हरियाणा में ओबीसी वर्ग की एक बड़ी रैली करेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी को सम्मानित किया जाएगा। कर्णदेव कंबोज का बयान 23 जून को एक बड़ी घोषणा मुख्यमंत्री ने ओबोसी वर्ग के लिए की है। ओबीसी मोर्चा की तरफ़ से गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की है।

## चुनाव को जजपा ने कसी कमर

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जेजेपी जिला स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करेगी। उन्होंने कहा कि सभी 22 जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा करके जेजेपी आगे बढ़ेगी। वे मंगलवार को उचाना में जेजेपी कार्यकर्ताओं से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर चार माह बाद फिर जीत कर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अंतर होता है।

# एससी आयोग में कामकाज ने पकड़ी रफ्तार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ आयोग ने कई मामलों में की सख्त कार्रवाई

आखिरकार एक लंबे अंतराल के बाद में हरियाणा एससी आयोग में कामकाज ने रफ्तार पकड़ ली है। पुराने लंबित मामलों में सुनवाई तेज हो गई है। पंचकूला सेक्टर 2 शुगर फेड की बिल्डिंग में स्थापित आयोग की ओर से पुराने लंबित मामलों में सुनवाई तेज कर दी गई है।हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग में कामकाज और पुराने मामलों में सुनवाई के बाद निस्तारण किया जा रहा है आयोग ने अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग फर्जी सर्टिफिकेट लेकर गोलमाल करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने की मुहिम चलाई गई है। इसी तरह के मामले को लेकर एससी आयोग हरियाणा अध्यक्ष बताते हैं कि करनाल सरवन माजरा में एस.सी जाति का फर्जी सर्टिफिकेट बनकर सरपंच पद पर कब्जा करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की है।

मामले में रमेश लाल पुत्र कृष्ण लाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। बताया गया है कि 23 अगस्त 2023 में यह शिकायत आई थी, जिस पर कुछ अर्सा पहले ही एक्शन लिया गया है। मामले में सुनवाई करते हुए फर्जी एससी सर्टिफिकेट के आधार पर सरपंच बनी महिला को पद से हाथ धोना पड़ा है। बताया गया है कि उक्त महिला एससी समुदाय से ताल्लुक नहीं रखती। मामले में जांच पड़ताल के लिए कमेटी का गठन किया गया था उक्त महिला के पति ने अंबाला से वर्ष 2009 में एससी का सर्टिफिकेट बनवा लिया था। पूरे मामले में आयोग की ओर से करनाल के डीसी को लिखा गया था।

पूरे मामले में 27 फरवरी 2024 को बैठक हुई और रिकॉर्ड पेश किया पूरे मामले में बीडीपीओ इंद्री महेंद्र, पटवारी और पंच के साथ-साथ सचिव को भी बुलाया गया। मामले में मार्च माह के अंत में रिपोर्ट जमा कराई गई। आयोग के निर्देशों पर मंडल आयुक्त से अनुमति लेने के बाद डीसी ने सरपंच को डिसमिस कर दिया उसके स्थान पर शिकायतकर्ता को इस पद की जिम्मेदारी दी गई क्योंकि वह दूसरे स्थान पर था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रेवाड़ी | रेवाड़ी जिले में विभिन्न 35 गांवों में फिरनी पर 1215 अदद स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति व स्थापना। | 21.06.2024<br>27.06.2024 | 231.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261<br>prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | गंगा :- गांव गंगा जिला सिरसा सीएच. हैड गंगा में 2.00 एमएलडी एमपीएस सहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 2 एमएलडी एसटीपी की डिजाइनिंग, निर्माण, प्रचालन इसके पश्चात क्लोरीनेशन सहित सभी सिविल संरचनाओं अर्थात चारदिवारी, पेंट, सी.सी. रोड, प्लिंथ प्रोटेक्शन इत्यादि, वैद्युत, यांत्रिकी, इंस्ट्रयूमेंटेशन कार्य और मौजूदा एमपीएस में 2 अदद मैकेनिकल कोर्स स्क्रीन की स्थापना समेत 6 वर्ष हेतु एसटीपी और एमपीएस का प्रचालन और रखरखाव समेत 3 माह के ट्रायल रन के पश्चात 12 की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि, गांव गंगा, जिला सिरसा में एसटीपी का निर्माण और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान। | 22.06.2024<br>08.07.2024 | 474.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001<br>ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली ग्रामीण :- गांव में राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन बिछाना, बी/एस पर यूजीआर, पम्प चेम्बर, चारदिवारी के निर्माण, मशीनरी का पी/एफ और जलघर पर विविध कार्य हेतु डीएनआईटी। कालांवाली ग्रामीण :- सीएच. टू कालांवाली ग्रामीण :- गांव कालांवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के अपग्रेडेशन और बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/95875] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 20.06.2024<br>04.07.2024 | 282.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001<br>ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कुरंगावाली गांव :- आरसीसी फिल्टर बैड, एचएलटी, स्वच्छ जल टैंक, सीडब्ल्यूएसडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएसडब्ल्यू, सी/चेम्बर का निर्माण, आरसीसी पाइप चैनल बिछाना, गांव में एस/एस टैंक का निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलघर पर विविध मरम्मत कार्य हेतु डीएनआईटी, सीएच.टू :- कुरंगावाली :- गांव कुरंगावाली, जिला सिरसा में जलापूर्ति योजना के पुनरोद्धार / संवर्धन और वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/8405] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 3 कार्य। | 20.06.2024<br>05.07.2024 | 760.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001<br>ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | पिलाना1 - गांव पिलाना में मेन बस स्टैंड चौपाल का पुनरोद्वार + 18 कार्य। | 21.06.2024<br>08.07.2024 | 201.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150<br>prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | जिला परिषद पलवल | जिला परिषद, पलवल, ग्रुप-ए (रोड आईडी-691, 746, 763, 726, 8276, 8579, 8309, 8329) के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत, वित्तीय वर्ष 2024-25 + 4 कार्य। | 20.06.2024<br>28.06.2024 | 39.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500<br>prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में गांव कोरियावास में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में साइनेज कार्य। | 18.06.2024<br>01.07.2024 | 245.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267<br>pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव आसन जिला रोहतक के आसन माइनर के आरडी 30015 / एल से नानसेर तालाब को भरना + 2 कार्य। | 24.06.2024<br>01.07.2024 | 20.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077<br>xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव सांकरोड में श्याम सुन्दर वाटिका के पीछे आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट + 3 कार्य। | 22.06.2024<br>01.07.2024 | 64.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव पंचगांव ब्लॉक बाढड़ा (पी. समिति) में सोमबीर पुत्र करतार के मकान से वृद्धाश्रम तक नाला का निर्माण और पाइप लाइन बिछाना। | 22.06.2024<br>01.07.2024 | 6.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | 648 - गांव सोहनसारा, ब्लॉक लोहारू में फिरनी का निर्माण, स्कीम एचआरडीएफ। | 19.06.2024<br>28.06.2024 | 83.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927<br>prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ एट पंचकूला | अम्बाला जिले में आरसीएस उडान स्कीम के तहत फ्लाइट ऑपरेशंस को प्रारम्भ करने के लिए अम्बाला में सिविल एंक्लेव के लैंड स्केपिंग कार्य का विकास। | बंद होने की तिथि<br>15.07.2024 | 68.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170<br>hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 13 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव ओजलान में खेल ग्राउंड के अंदर हॉल का निर्माण और गांव मिर्जापुर ब्लॉक अम्बाला-1 में शमशान घाट के निकट हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 20.06.2024<br>27.06.2024 | 75.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368<br>prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | गांव धनकौर ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब की रिटेनिंग वॉल का विवेकपूर्ण निर्माण + 1 कार्य। | 20.06.2024<br>27.06.2024 | 26.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368<br>prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज करनाल | गांव रोहट पट्टी में शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, एससी शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना और गांव सांभली, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में मानसुर मुल्लाना पट्टी के निकट शमशान घाट में रास्ता का निर्माण और हैंडपम्प की स्थापना। | 24.06.2024<br>01.07.2024 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200<br>prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में कि.मी. 61.29 से 62.29 में सीसी पेवमेंट और कि.मी. 50.48 से 61.29 में बीसी के प्रावधान द्वारा जीन्द बरवाला अग्रोहा आदमपुर रोड (एसएच-10) की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | 24.06.2024<br>08.07.2024 | 845.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688<br>pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 17 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह, हरियाणा | बीएमडब्ल्यू हेतु ऑटोमेटेड कचरा संग्रहण प्रणाली सॉफ्टवेयर सर्वर सहित क्यूआर कोड स्टीकर्स की खरीद के लिए निविदा। | बंद होने की तिथि<br>04.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007<br>tendergmcmewat@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज सांपला, रोहतक | खरावड़ - गांव खरावड़ में नादान पाना चौपाल का पुनरोद्धार, पंचायत-एसएफसी/पीआरआई + 3 कार्य। | 24.06.2024<br>01.07.2024 | 35.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482<br>sdoprsampla@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/360/27154/I/88/6 दि. 25.06.24

रोहतक
बुधवार, 26 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 150
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 40.0
न्यून. 28.6
haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



03 फाइनल में पहुंचने भारत की इंग्लैंड से और अफगान की दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत कल

सैनिक व अर्धसैनिक बलों के लिए बड़ा ऐलान

## अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ की



24 मार्च, 2016 के बाद हुए युद्ध, ब्लास्ट, आतंकियों पर कारवाई या सीमा पर शहीद कर्मियों के परिजनों को लाभ मिलेगा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले सशस्त्र बलों व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिकों के परिजनों के लिए मंगलवार को बड़ा ऐलान किया है। सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिकों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दिया है। इन कार्मिकों में सेना, नौसेना और वायुसेना के वे कार्मिक शामिल हैं, जो युद्ध या ऑपरेशन, ऑपरेशनल क्षेत्र, आतंकवाद या उग्रवादी हमलों या सीमा पर झड़पों और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा करते हुए अपने वास्तविक आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए हैं।

प्रदेश सरकार का ऐलान

## स्वतंत्रता सेनानियों और सत्याग्रहियों की पेंशन बढ़ी



आपातकाल सत्याग्रहियों की पेंशन 20,000 स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बढ़ाकर की 40,000 रुपये

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की पेंशन में वृद्धि की है। बढ़ी पेंशन एक जुलाई 2024 से लागू होगी। सीएम नायब सिंह ने कहा कि 501 लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को पेंशन 10,000 से बढ़ाकर 20,000 रुपये की है। रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा व वोल्वो बसों में 75% किराया माफ होगा। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों की पेंशन बढ़ाकर किया 20,000 रुपये की है। स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर की 40,000 रुपये की है। प्रदेश में 289 स्वतंत्रता सेनानियों व आश्रितों को पेंशन दी जा रही है।

तीर्थयात्रियों को मिलेगी राहत

## जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



**दो पैकेज**
उसी दिन वापसी पर प्रति यात्री 35,000 रुपये अगले दिन के लिए 60,000 रुपये लगेंगे

**कटरा/जम्मू (भाषा)।** जम्मू से माता वैष्णो देवी मंदिर तक मंगलवार को सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई, अब एक दिन में ही इस पवित्र मंदिर में दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी। यह हेलीकॉप्टर सेवा रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर और मंदिर के पास सांझी छत के बीच पहले से ही उपलब्ध हेलीकॉप्टर सेवा के अतिरिक्त है, जिनका एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति है। जम्मू से इस सेवा का विकल्प चुनने वाले तीर्थयात्रियों के पास दो पैकेज के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसमें उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 रुपये और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये लगेंगे।

नए शिखर पर शेयर बाजार

## सेंसेक्स 78,000 के पार निफ्टी भी नई ऊंचाई पर



सेंसेक्स 712 .44 अंक उछलकर 78,053 .52 पर बंद हुआ
**निफ्टी ने भी 183 .45 अंक छलांग लगाई**

**मुंबई (भाषा)।** एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने पहली बार ऐतिहासिक 78,000 अंक के स्तर को पार किया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 712.44 अंक या 0.92 प्रतिशत उछलकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 823.63 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 78,164.71 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 183.45 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 23,721.30 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 216.3 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 23,754.15 अंक पर पहुंच गया था।

लोकसभा स्पीकर पद को लेकर नहीं बनी सहमति चुनाव आज, राजग और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

# अध्यक्ष पद के लिए बिरला व सुरेश के बीच मुकाबला

### लोकसभा के इतिहास में चौथी बार होगा मतदान, कांग्रेस सांसद राहुल होंगे लोकसभा में नेता विपक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी। अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश से होगा। बिरला और सुरेश ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। कांग्रेस सांसद के. सुरेश की दावेदारी पर टीएमसी ने नाराजगी जताई है। पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा-हमसे इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। दुर्भाग्य से ये एकतरफा फैसला है। अभिषेक के बयान पर राहुल ने कहा-जय संविधान। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के ऐवज में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए। बता दें कि स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। अब 2024 में चौथी बार चुनाव होगा। बिरला यह चुनाव जीतते हैं तो वे कांग्रेस के बलराम जाखड़ की बराबरी कर लेंगे।





#### आम सहमति के लिए विपक्ष ने रखी शर्त

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृह मंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की, लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला। पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, कांग्रेस ने शाम को बैठक कर कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। *(पेज 7 भी देखें)*

■ *कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सदन में उपस्थित रहने को कहा है।*

**कोटा से तीसरी बार जीते बिरला:** ओम बिरला राजस्थान के कोटा से लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं। बुधवार को यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा चौथी बार होगा।

**केरल से जीते सुरेश:** केरल से 8वीं बार लोकसभा पहुंचे सुरेश ने कहा कि यह हारने या जीतने का विषय नहीं है, बल्कि बात परंपरा की है कि लोकसभा अध्यक्ष सत्तारूढ़ दल का होगा और उपाध्यक्ष विपक्ष का रहेगा।

**लोकसभा का गणित:** सदन में भाजपा समेत राजग के 293 सांसद हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया के 233 सदस्य हैं। राहुल के वायनाड सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद सदन में कुल सदस्यों की संख्या 542 है।

**उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही : राहुल**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और यदि नरेन्द्र मोदी सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के चुनाव में सरकार का समर्थन करेगा। वरना हम चुनाव लड़ेंगे।

#### उपाध्यक्ष पद मांग रहा विपक्ष

वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। उन्होंने इस संबंध में शर्तें रखने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को शर्तों पर नहीं चलाया जा सकता। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि बिरला का नाम राजग के सभी दलों ने सर्वसम्मति से तय किया और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी समर्थन हासिल करने के लिए विपक्ष के पास पहुंचे।

#### ओवैसी के शपथ के बाद जय फिलिस्तीन बोलने पर हंगामा

हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सांसद पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद आखिर में उनके जय फिलिस्तीन कहने पर विवाद हो गया। उधर, प्रोटेम स्पीकर ने इसे कार्यवाही से हटा दिया। दरअसल, ओवैसी ने शपथ के बाद 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन, तकबीर अल्ला-हु-अकबर' कहा। ओवैसी की इस हरकत से सदन में हंगामा हो गया। एनडीए सांसदों ने इसे नियमों के खिलाफ बताया।



संसद के रिकॉर्ड से हटाया गया बयान

**जय फिलिस्तीन का नारा गलत : भाजपा**

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, ओवैसी ने संसद में जो 'जय फिलिस्तीन' का नारा दिया, वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियमों के खिलाफ है। वह भारत में रहकर 'भारत माता की जय' नहीं कहते...लोगों को समझना चाहिए कि वह देश में रहकर असंवैधानिक काम करते हैं।

## केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, हाईकोर्ट का जमानत देने से इनकार

ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद करते हैं। फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को ईडी को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है, 'हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। वहीं, दूसरी ओर सीबीआई ने मंगलवार शाम को तिहाड़ जेल में केजरीवाल से पूछताछ की और भ्रष्टाचार मामले में उनके बयान दर्ज किए। सूत्रों का कहना है कि बुधवार को ट्रायल कोर्ट में पेशी से पहले सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि केजरीवाल ईडी केस में पहले से ही जेल में बंद हैं।



सीबीआई ने केजरीवाल से तिहाड़ में पूछताछ की

**हाईकोर्ट की टिप्पणियां**

- ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है।
- इस बात पर मजबूत तर्क दिया गया कि जज ने धारा 45 पीएमएलए की दोहरी शर्त पर विचार-विमर्श नहीं किया।
- ट्रायल कोर्ट को ऐसा कोई निर्णय नहीं देना चाहिए जो हाईकोर्ट के फैसले से उलट हो।

हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

**खबर संक्षेप**

#### स्पेक्ट्रम: पहले दिन 11,000 करोड़ की बोलियां लगीं

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनियों ने स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन मंगलवार को पांच दौर में करीब 11,000 करोड़ रुपये मूल्य की बोलियां लगाईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार 96,238 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इसके लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। भाषा

#### पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपित जमानत दे दी। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। नाबालिग आरोपित ने 18-19 मई की रात बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी। हादसे में दोना मौत हो गई। एजेंसी

#### आतिशी आईसीयू में भर्ती भूख हड़ताल खत्म की

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने 5 दिन बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म कर दी है। मंगलवार तड़के तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां डॉक्टरों की टीम ने बताया कि आतिशी का शुगर लेवल गिरकर 36 हो गया था। वह अभी भी एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। एजेंसी

हिसार में आर्थिक तंगी के चलते दी जान

## दादा-दादी ने पोते के साथ जहर खाया, तीनों की मौत

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** गांव ढंढूर की एक ढाणी में दादा-दादी और पोते ने जहर निगल लिया। इसके बाद तीनों की मौत हो गई। मरने वालों में प्रताप (65), उसकी पत्नी बिमला (60) और पोता नसीब (12) शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते परिवार ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने प्रताप के बेटे गांव डाबड़ा निवासी सुनील के बयान पर इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। सुनील ने बताया कि उसका पिता प्रताप व मां बिमला करीब 8 साल से ढंढूर में रहते थे और यहीं खेती बाड़ी करते थे। उसका बेटा नसीब भी उन्हीं के पास रहता था। वह भी अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता था। परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं थी। इसी कारण उसके पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने यह कदम उठाया है।

**मचा कोहराम**
■ आठ साल से ढंढूर में कर रहा था खेती
■ बुजुर्ग ही संभाल रहे थे पोते की जिम्मेदारी

## डकवर्थ-लुईस पद्धति के जनक फ्रेंक नहीं रहे

**नई दिल्ली (भाषा)।** इंग्लैंड के सांख्यिकीविद् और डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति को तैयार करने वालों में शामिल फ्रेंक डकवर्थ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डकवर्थ-लुईस पद्धति को डकवर्थ और उनके साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस ने तैयार किया और इसका इस्तेमाल बारिश से प्रभावित मैचों के नतीजे के लिए किया जाता है। इस पद्धति को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहले 1997 में लागू किया और 2001 में आईसीसी उन मुकाबलों में संशोधित लक्ष्य देने की मानक प्रणाली के रूप इसे स्वीकार किया जहां ओवरों की संख्या में कटौती होती है।



84 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस







अभिनेत्री बनी दूल्हा और मेकअप आर्टिस्ट बनीं दुल्हन

## प्रदेश में दो महिलाओं ने आपस में ही रचाई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश में दो महिलाओं द्वारा आपस में शादी करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह शादी गुरुग्राम में हुई। अब इनके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह शादी सुर्खियों में आ गई है। हालांकि यह शादी 23 अप्रैल 2024 को मदनपुरी स्थित छोटी पंचायत धर्मशाला में हुई थी। गुरुग्राम की रहने वाली अंजू शर्मा पेशे से टीवी सीरियलों में काम करती हैं। उन्होंने फतेहाबाद की रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट कविता टप्पू से शादी की। इस रिश्ते में अंजू शर्मा पति का किरदार निभा रही हैं तो कविता पत्नी का।

■ गुरुग्राम की रहने वाली है टीवी आर्टिस्ट अंजू शर्मा
■ फतेहाबाद की रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट कविता टप्पू



**चार साल से एक-दूसरे के साथ**

अंजू बताती है की उनका नाम तो अंजू है, लेकिन उनकी बीवी प्यार से अज्जू और शोना बोलती हैं। वह 4 साल से एक दूसरे के साथ हैं। उनकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई। दोनों परिवारों ने उन्हें स्वीकार कर लिया है। उनकी शादी में 80 लोग शामिल हुए थे। अंजू ने कहा कि हर लड़की और लड़के का सपना होता है कि उनका वंश बढ़े, लेकिन कई दफा ऐसी दिक्कत आ जाती हैं कि उन्हें बच्चे नहीं हो पाते। विज्ञान बहुत आगे पहुंच गया है। हम दोनों ने सोचा है कि अनाथ आश्रम से बच्चा गोद लेंगे।

**शादी में दो पंडित आए**

अंजू ने बताया कि उन्होंने हॉल वाले, डीजे वाले को पहले ही बता दिया था कि 2 लड़कियों की शादी है, ताकि बाद में ऐन वक्त पर कोई परेशानी खड़ी न हो। बावजूद इसके सुबह पंडित ने फोन कर कहा कि मैं नहीं आ पाऊंगा। इसके बाद उनकी एक दोस्त ने अपने जानकर पंडित को फोन किया। इसके बाद उनकी शादी में एक नहीं 2 पंडित आए और बड़ी धूमधाम के साथ दोनों की शादी हुई।

## खबर संक्षेप

### बीएलआईई 227 की प्रायोगिक परीक्षा 27 से

**सिरसा।** जीएनसी सिरसा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1014 में बीएलआईई 227 की प्रायोगिक परीक्षा 27 जून से 02 जुलाई 2024 तक आयोजित होगी। केंद्र समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि बीएलआई 227 की प्रायोगिक परीक्षा प्रातःकालीन पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सांध्यकालीन पारी दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि यह प्रायोगिक परीक्षा बिल्कुल थ्योरी परीक्षा के जैसी ही होगी। जिन की परीक्षा है वह परीक्षा से 30 मिनट पहले सेंटर में पहुंचे व परीक्षा शुरु होने के 30 मिनट बाद किसी भी परीक्षार्थी की एंट्री नहीं होगी।

### आरटीआई लगाने पर धमकी, सरपंच पर केस

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव कन्हड़ी निवासी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि उसने गांव की सरपंच कविता के खिलाफ एक आरटीआई लगाई हुई है। इसको लेकर सरपंच उसके साथ रंजिश रखती है। उसने आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते सरपंच कविता, उसका पति प्रदीप कुमार व पिता राममेहर उसे परेशान करते हैं। गत दिवस रात करीब साढ़े 9 बजे उक्त लोगों ने अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से फोन करवाया और गाली-गलौच की। इन लोगों ने उनके खिलाफ लगाई गई आरटीआई वापस ना लेने पर उसे व उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### कर्मचारी चयन आयोग में दो सदस्यों ने ली शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने आयोग के दो और नए सदस्यों सुभाष चंद्र व साधू राम जाखड़ को आज आयोग कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। सुभाष चंद्र सिरसा जिले के गंगा तथा साधू राम जाखड़, बरवाला हिसार के रहने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि 8 जून, 2024 को हिम्मत सिंह ने आयोग के चेयरमैन के रूप में शपथ ली थी।

आपातकाल की बरसी पर कार्यक्रम आयोजित

# कांग्रेस ने संविधान को बार-बार नुकसान पहुंचाया : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने और संविधान को बार-बार नुकसान पहुंचाने का पाप किया है। आपातकाल को भारत के लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों को मूलभूत अधिकारों से वंचित किया था। बिना अपराध और बिना कोई गलती किए 1 लाख 40 हजार लोगों को कांग्रेस की सरकार ने जेलों में ठूंस-ठूंस कर भर दिया। यह बातें मंगलवार को पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में आपातकाल की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। कैप्टन अभिमन्यु ने लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया। कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी में प्रधानमंत्री बनने की कोई योग्यता नहीं थी। नेहरू के निधन के बाद इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बना दिया गया।

### देश को सामान्य अधिकारों से वंचित रखा

पूर्व मंत्री ने कहा कि अपने पिता के नाम पर इंदिरा भारत की सत्ता पर काबिज हो गई। 1971 के चुनाव में राजनारायण ने इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। चुनाव में धांधली के कारण राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में यचिका दायर की। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जयनारायण को विजयी और इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर दिया। इंदिरा गांधी को लगा कि अब सत्ता खिसकने वाली है तो रातोंरात देश पर आपातकाल थोप दिया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 1 लाख 40 हजार लोगों को पकड़-पकड़ कर जबरदस्ती जेलों में ठूंस दिया। तिहाड़ जेल की बैरक में जहां 1200 लोगों की क्षमता थी वहां पर 3500 लोगों को भर कर जो प्रताड़ना दी गई उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। पूर्व मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान का दुरुपयोग करते हुए तमाम अधिकारों को समाप्त कर दिया गया। दो सालों तक कांग्रेस की जुल्म और सितम की कहानी चलती रही। 1977 तक पूरे देश को सामान्य अधिकारों से वंचित रखा रखने का पाप अगर किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है।



कार्यक्रम

### इंदिरा ने सत्ता बचाने के लिए थोपा था आपातकाल : भारद्वाज

लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने भी कांग्रेस के जुल्म और सितम की कहानी लोगों को बताई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 की भयानक और काली रात को देश पर आपातकाल थोप दिया था। समाचार पत्रों पर सैंसर लगा दिया और बिजली काट दी गई। कांग्रेस की तानाशाही ने पूरे देश में भय का माहौल बना दिया था। लोगों को बिना वजह से जेलों में भर दिया गया। श्री भारद्वाज ने कहा कि संविधान की आत्मा मालिक अधिकारों को खत्म कर लोगों को यातनाएं दी गई। कांग्रेस की अघोषित तानाशाही का अगर किसी ने विरोध किया तो उसे घोर यातनाएं दी गई। आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चंगेज खां और अंग्रेजों के द्वारा किए गए जुल्म भी इंदिरा गांधी के जुल्मों के आगे कम थे। भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को लोकतंत्र सेनानी का नाम दिया और पेंशन देकर मान सम्मान दिया है।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं का आह्वान

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि इंदिरा गांधी के नाम की पार्टी के लोग सामान्य परिवार से आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे लोकप्रिय नेता पर सवाल खड़ा करते हैं। ये वही परिवारवादी लोग हैं जो आपातकाल के पाप के भागीदार रहे हैं। देश और संविधान को खतरे में बताने का झूठा नेरेटिव चला रहे हैं। यह वही कांग्रेस है जिसने 75 बार संविधान में संशोधन किया। धारा 356 के माध्यम से चुनी गई सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने वाली भी कांग्रेस है। कांग्रेस ने 90 बार चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का घोर पाप किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन के दौरान एक भी राज्य के खिलाफ अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का धर्म बनता है कि वे कांग्रेस की सच्चाई जनता के सामने लेकर आएं और कांग्रेस के काले इतिहास की कलई खोलें। पूर्व मंत्री ने लोकतंत्र की रक्षा करने वाले सेनानी संगठन के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज (रेवाड़ी), विपिन (दिल्ली), श्रीचंद गुप्ता (गुरुग्राम), प्रेम प्रकाश (रेवाड़ी), गुलशन खेतरपाल (रोहतक), दलीप (फरीदाबाद), बृजमोहन (फतेहाबाद), राजबीर (रोहतक), रमेश अग्रवाल (रोहतक), आत्म प्रकाश (गुरुग्राम), प्रमोद (दिल्ली), सत्यपाल (चंडीगढ़), सोहन लाल (गुरुग्राम), अनिल नागपाल (रोहतक), कृष्ण मुखी (सोहना), रामकिशन मित्तल, हर्षवर्धन, पवन गर्ग (यमुनानगर) को सम्मानित किया।

हाइवे पर लेटे किसान, जाम लगाने का प्रयास, पुलिस के समझाने पर माने

# खेतों में बिजली टॉवर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को किसानों ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रोड छप्पर के खेतों में मंगलवार को बिजली के टावर लगाने पहुंचे बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों ने अधिकारियों व कर्मचारियों को खेतों से बाहर कर दिया। किसानों ने कहा कि जब तक उन्हें टावर लगाने का उचित मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक वह खेतों में बिजली के टावर नहीं लगने देंगे। इस दौरान किसानों ने हादवे पर लेटकर जाम करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने किसानों को समझा कर शांत किया। मंगलवार को बिजली निगम के अधिकारी व कर्मचारी गांव रोड छप्पर के खेतों में बिजली के टॉवर लगाने के लिए पहुंचे।





**यमुनानगर।** खेतों में टॉवर लगाने के लिए पहुंचे अधिकारियों व कर्मचारियों को बाहर निकालते किसान तथा हाइवे जाम लगा रहे किसानों को समझाती पुलिस।

जब किसानों की इसकी सूचना मिली तो भारी संख्या में किसान वहां पहुंच गए। इस दौरान किसानों ने बिजली के टावर लगाने का विरोध किया। किसानों ने अधिकारियों व कर्मचारियों को खेतों से बाहर निकाल दिया। इस दौरान किसानों ने हाइवे पर लेटकर जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझा कर हाइवे से हटाया और जाम नहीं लगने दिया। किसान नेता मनदीप रोड छप्पर ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा खेतों में घुसकर जबरदस्ती टावर लगाए जा रहे थे। जबकि सरकार द्वारा इसका मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उचित मुआवजा राशि की मांग पिछले एक साल से चली आ रही है। जब तक जिला प्रशासन अन्य राज्यों व जिला भिवानी की तर्ज पर मुआवजे के बराबर राशि नहीं देता तब तक खेतों में बिजली के टावर नहीं लगने दिए जाएंगे।

निजी अस्पतालों का अल्टीमेटम

# एक जुलाई से नहीं करेंगे आयुष्मान धारकों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- सरकार नहीं कर रही योजना के तहत इलाज का भुगतान

हरियाणा के निजी अस्पतालों ने एक जुलाई से आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज बंद करने का फैसला किया है। इसका मुख्य कारण हरियाणा सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत किए गए इलाज का भुगतान न करना है। अस्पतालों के 18 करोड़ रुपए करीब छह महीने से अटके हुए हैं। इस स्थिति के कारण निजी अस्पतालों के डॉक्टरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल के डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर आज जिला उपायुक्त उत्तम सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। आईएमए के जिला प्रधान रोहित सदाना और अन्य डॉक्टरों ने बताया कि आयुष्मान स्कीम में कई दक्कितें आ रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह सॉफ्टवेयर बेहद खराब है और इसकी वजह से उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. रोहित सरदाना ने बताया पहले जो सॉफ्टवेयर चलता था, वह ठीक था, लेकिन अब सरकार ने टीएमएस सॉफ्टवेयर लागू किया है, जो बहुत ही खराब है। इससे हमारी इज्जत का सवाल हो चुका है, पैसे की बात तो अलग है। पिछले छह महीनों से हमें अलग-अलग तरीकों से टॉर्चर किया जा रहा है 27 जून को करनाल में एक महत्वपूर्ण मीटिंग रखी गई है, जिसमें सीएम ऑफिस और इंक्वारी ऑफिस के लोग शामिल होंगे। आईएमए के डॉक्टर भी इस मीटिंग में शामिल होंगे। यह मीटिंग सुबह 11:30 बजे डीसी ऑफिस में होगी और इसमें इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। डॉक्टरों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं निकला, तो वे 1 जुलाई के बाद आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं करेंगे।

# फतेहाबाद : ट्रक में घुसी कार क्षतिग्रस्त महिला की मौत, बहन और बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए पकड़नी थी ट्रेन

शहर के भूना रोड फ्लाईओवर पर मंगलवार अलसुबह एक कार आगे जा रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सिरसा के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अभय की पत्नी ममता चौधरी की मौत हो गई। इसके अलावा मृतका की बेटी 20 वर्षीय मन्नत और आस्ट्रेलिया से आई बहन शिखा घायल हो गए।तीनों कार में सवार होकर गुरूग्राम जा रहे थे। गुरूग्राम में मृतका ममता चौधरी और घायल शालू की बहन ज्योति रहती है जिसे मिलने के लिए जा रहे थे और गाड़ी किराए पर ली गई थी। सिरसा के



**फतेहाबाद।** हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त कार।

ओपी आई क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर ओपी चौधरी की पुत्रवधू ममता पत्नी अभय चौधरी अपनी बेटी 20 वर्षीय मन्नत और बहन शालू के साथ मंगलवार सुबह करीब 4 बजे अर्टिगा गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उन्हें दिल्ली से माता वैष्णो देवी के लिए ट्रेन पकड़नी थी और इससे पहले हिसार में भी उन्हें रुकना था, इसलिए वह सुबह जल्द ही सिरसा से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। करीब 5 बजे के आसपास गाड़ी फतेहाबाद के भूना रोड ओवरब्रिज पर पहुंची तो गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। गाड़ी पूरी तरह पिचक गई। बताया जा रहा की ममता चौधरी गाड़ी में आगे बैठी थी, जिस कारण उसे गंभीर चोटें आई। हादसे में घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने ममता को मृत घोषित कर दिया। शालू और मन्नत को प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा ले जाया गया है। घटना के बाद से कार चालक फरार है। मृतका के रिश्तेदार हिसार निवासी सुरेंद्र ने बताया कि शालू पांच दिन पहले ही आस्ट्रेलिया से आई है। सिरसा में अपनी बहन ममता चौधरी से मिलने आई थी। इसके बाद वह गुरूग्राम रह रही बहन ज्योति से मिलने के लिए जा रहे थे।

# कार सवार तीन बदमाशों ने 27 लाख रुपये लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह में नए बस स्टैंड के सामने रुपये का कलेक्शन करने वाले गुजरात के अहमदाबाद निवासी जयेश से दिनदहाड़े कार में सवार बदमाशों ने 27 लाख की नगदी से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित जयेश ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जयेश को साथ लेकर पुलिस वारदात स्थल पर गई और स्थिति को समझा। पुलिस ने जयेश की कंपनी के मैनेजर को भी मौके पर बुलाया। लूट का यह मामला पुलिस को संदिग्ध लग रहा है। इधर, सेक्टर-29 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें एक शिकायत मिली, जिसमें गुजरात के अहमदाबाद निवासी जयेश से लूट हुई है। उसने बताया

### पुलिस के अनुसार संदिग्ध लग रहा मामला

कि वह एक कलेक्शन कंपनी में काम करता है। वह मंगलवार को गोहाना और रोहतक से करीब 27 लाख रुपए का कलेक्शन लेकर बस से पानीपत आया। यहां वह बस स्टैंड के बाहर एक ऑटो में बैठा। कुछ दूरी पर जब ऑटो पहुंचा, तो वहां अचानक एक गाड़ी आई। गाड़ी से तीन लोग उतरे। उन्होंने हाथ से बैग छीना और फरार हो गए। इधर, थानेदार राजीव ने बताया कि पीड़ित जयेश ने उन्हें वारदात सुबह 11 बजे की बताई है। जबकि, उसने पुलिस को सूचित दोपहर दो बजे किया। वह इतनी बड़ी रकम एक बैग में लेकर बस और ऑटो में सफर कर रहा था। जोकि आमतौर पर सामान्य नहीं है।

# ऑनलाइन पंजीकरण में राजकीय आईटीआई कैथल प्रदेश में अव्वल

## दूसरे नंबर पर हिसार और तीसरे पर भिवानी आईटीआई

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

प्रदेश की राजकीय और प्राइवेट आईटीआई में पंजीकरण की प्रक्रिया आज संपन्न हो गई। प्रदेश की सभी आईटीआई के लिए मंगलवार तक 84767 पंजीकरण हुए। बता दें कि इस बार प्रदेश के 379 संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया चल रही है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो प्रदेश में 152 राजकीय आईटीआई, 36 राजकीय महिला आईटीआई, 7 सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त आईटीआई, 184 प्राइवेट आईटीआई हैं। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने 7 जून से 21 जून तक पंजीकरण प्रक्रिया के लिए शेडयूल जारी किया था। बाद में विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए इसे 25 जून तक बढ़ा दिया गया था। ऑनलाइन पंजीकरण के आंकड़ों को देखें तो इस बार भी राजकीय आईटीआई कैथल पंजीकरण में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। संस्थान की 1200 सीटों के लिए 11788 आवेदन पहुंचे हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैथल का आईटीआई प्रदेश भर के विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। इसी प्रकार पंजीकरण में दूसरा स्थान हिसार तथा तीसरा भिवानी का रहा। आईटीआई कैथल के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि आईटीआई में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हो गई। पंजीकरण में कैथल पूरे प्रदेश में नंबर वन पर रहा है। इसके लिए पूरा स्टाफ तथा विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट 28 जून को आनलाइन जारी की जाएगी।

**प्रदेश में टॉप 10**


| जिला | आवेदन |
|---|---|
| कैथल | -11831 |
| हिसार | -11737 |
| भिवानी | -11288 |
| जींद | - 11128 |
| यमुनानगर | -8652 |
| अंबाला शहर | -7774 |
| सिरसा | - 7581 |
| नरवाना | - 7079 |
| करनाल | - 7052 |
| बरवाला | - 6867 |

हॉट सीट | अंबाला छावनी में भाजपा के पास नहीं विज का तोड़, कांग्रेस में चित्रा सरवारा दमदार


# लोकसभा चुनाव से बिगड़े समीकरण, पूर्व मंत्री विज को मिलेगी टक्कर, दो हार के बावजूद चित्रा फिर तैयार

- विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के दावेदारों में शुरू हुई टिकट की कसरत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अनिल विज



चित्रा सरवारा



परविंद्र सिंह परी



अशोक जैन

अंबाला छावनी विधानसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट के दावेदारों ने कसरत शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव में बने नए समीकरणों से इस बार कांग्रेस का दांव लगने के चांस बढ़े हैं। रिकॉर्ड विकास के के बावजूद लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को इस सीट से उम्मीद के मुताबिक वोट नहीं मिल पाए। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज खुद अंबाला छावनी सीट की अगुवाई कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के समर्थन से अब कांग्रेसी दावेदार मैदान मारने की योजनाएं बना रहे हैं। हालांकि विज के मुकाबले अभी तक कांग्रेस के पास पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की बेटी चित्रा सरवारा को छोड़कर अन्य कोई मजबूत नेता नहीं है।

अंबाला छावनी विधानसभा सीट पर अगर कांग्रेस प्रत्याशियों की बात की जाए तो पूर्व निगम सदस्य चित्रा सरवारा ही सबसे मजबूत नजर आती हैं। अब तक चित्रा दो बार भाजपा के दिग्गज विधायक अनिल विज के खिलाफ चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि दोनों ही बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। इस बार भी वे कांग्रेस की टिकट की मजबूत दावेदार हैं। अपनी दावेदारी को मजबूत करने के लिए वे लगातार मेहनत कर रही हैं। जनता के मुद्दों को निरंतर उठाकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसके अलावा पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल भी अंबाला छावनी से टिकट के दावेदार हैं। मगर पार्टी में धड़ेबाजी की वजह से उनका दावा बेहद कमजोर नजर आता है हालांकि आम जनता में सुधीर की पकड़ खासी मजबूत है। इसके साथ पूर्व निगम सदस्य परविंद्र सिंह परी भी कांग्रेस की टिकट के दावेदार हैं। सैलजा गुट से ताल्लुक रखने वाले परी काफी समय से विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। अभी तक उन्हें पार्टी ने चांस नहीं दिया है। इस बार उन्हें चांस मिलने की उम्मीद। पिछला चुनाव लड़ने वाले वेणु अग्रवाल नए सिरे से मेहनत कर रही हैं। हालांकि पिछले चुनाव में औसत प्रदर्शन की वजह से इस बार उनका दावा कमजोर दिख रहा है। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य अशोक जैन भी दावेदारों में शुमार हैं। जैन खुलकर सामने आने की बजाय पर्दे के पीछे राजनीति करने में माहिर माने जाते हैं। पार्टी के सीनियर नेता होने से उनका दावा इसलिए मजबूत माना जा रहा है।

### रिकॉर्ड विकास फिर भी 2977 से मिली जीत

अंबाला छावनी विधानसभा में पिछले दस सालों में अढ़ाई हजार करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य होने का दावा किया जा रहा है। इतनी योजनाओं पर काम होने के बावजूद इस बार लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया हारने से बच गई। उन्हें यहां से महज 2977 वोट से ही जीत मिल पाई। बंतो कटारिया को यहां से 61177 वोट मिले जबकि कांग्रेस के वरूण चौधरी को 58200 वोट मिले। यहां वरूण चौधरी के प्रचार की कमान कांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा ने संभाली हुई थी।

### भाजपा में अनिल विज ही एकमात्र दावेदार

छह बार अंबाला छावनी विधानसभा सीट से विधायक बन चुके पूर्व गृहमंत्री एवं मौजूदा विधायक अनिल विज ही भाजपा में एकमात्र इस सीट से दावेदार हैं। उनके मुकाबले भाजपा के पास ऐसा कोई दावेदार नजर नहीं आता जोकि अंबाला छावनी विधानसभा सीट पर पार्टी को जीत दिलवा सके। विज के बाद अक्सर हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की सदस्य नीता खेड़ा का नाम उछलता है। लेकिन वे इतनी दमदार नेता नजर नहीं आती कि अपने दम पर पार्टी को जीत दिलवा सकें। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के राज्यसभा में चुने जाने के बाद 1990 में अनिल विज ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 2005 को छोड़कर अब तक वे निरंतर छह बार चुनाव जीते हैं। 2005 में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र बंसल ने पहली बार अनिल विज को शिकस्त दी थी।

### गुजवि ने किए परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी मैथेमेटिक्स प्रथम सेमेस्टर (स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2013, एमबीए प्रथम सेमेस्टर (स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2016 व 2018, एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीटेक ईई पंचम सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2011-2015, बीटेक ईई सातवां सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2016-2017, बीटेक ईई तृतीय व पंचम सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2017, बीटेक ईई पंचम सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2014, बीटेक सीएसई तृतीय सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2012, बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी पंचम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2018, बीटेक बीएमई प्रथम सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2012, बीटेक सीएसई प्रथम सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2012, बीटेक सीएसई तृतीय सेमेस्टर (मर्सी चांस) बैच 2017 तथा बीकॉम तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया है।

# युवती से गैंगरेप, सात युवकों पर लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- पुलिस कार्रवाई नहीं करने से क्षुब्ध पीड़िता ने पी फिनाइल

शहर की एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवती के साथ गैंगरेप हुआ है। गैंगरेप का आरोप पीड़िता ने अपने दोस्त तथा उसके 6 और दोस्तों पर लगाया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपितों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को शिकायत दी तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस बात से क्षुब्ध होकर युवती ने फिनाइल पी ली। उसे तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उपचाराधीन पीड़िता ने बताया कि उसकी वर्ष 2014 में शादी हुई थी। शादी के बाद पति से मनमुटाव के चलते पंचायती तौर पर तलाक हो गया था। पिछले दो साल से उसकी राहुल नाम के युवक के साथ दोस्ती थी। पीड़िता के अनुसार राहुल ने चार दिन पहले फोन कर बताया कि उसका आज जन्मदिन है। होटल में पार्टी करेंगे। उसके बाद वह अपने दो दोस्तों मीतू और नरेश के साथ कार में सवार होकर घर आया। उसके साथ कार में बैठ गई। युवकों ने उसे कार में स्मैक का नशा करवाया। तीनों ने कार में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों उसे रात को करीब 11 बजे दिल्ली बाइपास एरिया में एक होटल में ले गए। वहां होटल के एक कमरे में राहुल के चार दोस्त और बैठे थे। आरोप है कि रात भर सभी ने उसके साथ बारी-बारी से गैंगरेप किया। किसी तरह वह उनके चुंगल से निकलकर होटल से बाहर आई और परिजनों को फोन पर सूचना दी। वे उसे घर ले आए। उसने परिजनों के सामने अपनी आपबीती बताई। परिजन उसे शहर के एक थाना में ले गए, जहां पुलिस कर्मी ने कहा कि जहां गैंगरेप हुआ वह उनका एरिया नहीं है। सोमवार को परिजनों के साथ सदर थाना पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि सदर थाना में आरोपितों पर कार्रवाई के लिए शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बात से तंग आकर उसने मंगलवार सुबह फिनाइल पी ली।




# बांग्लादेश पर फतह पाते ही अफगानिस्तान में वर्ल्ड कप जीतने जैसा जश्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मंगलवार को विश्व क्रिकेट में जो देखने को मिला, वह शायद पहले कभी देखने को नहीं मिला! इस बड़े वैश्विक मंच और जारी टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 9 रन से हराकर पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित बांग्लादेश को पटखनी देकर विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अफगानिस्तान टीम ने जैसे ही बांग्लादेश को हराया वैसे ही अफगानिस्तान के नागरिक जश्न मनाने सड़कों पर उतर आए। यहां के लोगों के जश्न को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वे विश्वकप जीत गए हों। आखिर ऐसा जश्न हो भी क्यों नहीं जब वह पहली बार टीम राशिद सेमीफाइनल में पहुंची। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों साफ देखा जा सकता है।





**भीड़ हटाने के प्रशासनिक तरीके बेकार**

हालत यह है कि प्रशासन को जश्न मना रही भीड़ को हटाने के लिए वाटर ब्रिगेड से पानी की तेज बौछार कराई जा रही है, लेकिन लोग तभी भी टस से मस नहीं हो रहे हैं। यह हाल अकेले काबुल का नहीं, बल्कि अफगानिस्तान के सभी हिस्सों का है। अलग-अलग प्रांतों के लगातार तस्वीरें और वीडियो आ रहे हैं, जो इस सेमीफाइनल में पहुंचने को टीम की खिताबी जीत से बयां नहीं कर रहे।

### रंग-गुलाल से माहौल हुआ रंगीन

अफगानिस्तान की सड़कों पर जश्न मनाते लोग रंग-गुलाल उड़ाते नजर आ रहे हैं। रंगों से सराबोर तस्वीरें जमकर वायरल हो रहीं हैं जिससे देखा जा सकता है कि वहां टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद सड़कों पर कैसा सैलाब उतर गया है। प्रशासन तमाम उपाय लोगों को हटाने के कर रहा है. पर फैंस ने मानो कह दिया है कि अब तो पार्टी यूं ही चलेगी।

### नगरहार-जलालाबाद में भी जश्न

अफगानिस्तान के नगरहार व जलालाबाद प्रांत में जमकर जश्न मनाया गया। इस टीम में दोनों जी शहरों के खिलाड़ी शामिल हैं। इसी प्रकार पूर्वी अफगानिस्तान के जलालाबाद में भी जमकर लोग नाच रहे हैं। जैसे ही अफगानिस्तान ने मुकाबला अपनी झोली में डाला, वैसे ही लोग चौराहे-चौराहे पर जश्न मनाने जमा हो गए।

## खबर संक्षेप

### दुनिया के नंबर एक पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी बने सुहास यथिराज

**नई दिल्ली।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज मंगलवार को नवीनतम बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए।
चालीस साल के अर्जुन पुरस्कार विजेता सुहास को तोक्यो पैरालंपिक के एसएल-4 वर्ग के खिताबी मुकाबले में माजुर के खिलाफ हार के चलते रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। सुहास के नाम पर अब 60 हजार 527 अंक हैं जो फ्रांस के उनके प्रतिद्वंद्वी माजुर (58 हजार 953) से अधिक हैं।

### तूलिका ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता तूलिका मान ने मंगलवार को जूडो में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। इस खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ (आईजेएफ) ने मंगलवार को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की जिन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया है। इनमें 25 वर्षीय तूलिका को 78 किग्रा से अधिक भार वर्ग में जगह मिली है। दिल्ली की यह खिलाड़ी 1345 अंक लेकर 36वें स्थान पर है। क्वालिफिकेशन की अवधि 22 जून 2022 से 23 जून 2024 तक थी। आईजेएफ ने अपनी वेबसाइट पर कहा,''अगला चरण 2 जुलाई को होगा जब राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) उस खिलाड़ी को नामित करेंगे जो ओलंपिक में उनका प्रतिनिधित्व करेगा।

### मंधाना और हरमनप्रीत महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में



**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गई जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे है।

### आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार अफगानिस्तान पहुंची सेमीफाइनल में

# फाइनल में पहुंचने भारत की इंग्लैंड से और अफगान की दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 के आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को डक वर्थ लुईस नियम की बदौलत 8 रन से हराते हुए पहली बार इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। टीम सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। वहीं भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इन दोनों मैचों में जीतने वाली टीमें फाइनल मैच 29 जून को खेलेंगी। मंगलवार को हुए मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115/5 का स्कोर बनाया। बारिश से प्रभावित मैच में बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का नया लक्ष्य मिला। जवाब में बांग्लादेशी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अफगानिस्तान की जीत ने ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों को शिकस्त दी।



### अजेय भारत का मुकाबला 27 को इंग्लैंड से

वहीं इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार छठा मैच जीता। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला 27 जून को गुयाना में इंग्लैंड से होगा। बता दें कि टीम इंडिया सुपर-8 के साथ ग्रुप स्टेज में भी अजेय रही। इस वर्ल्ड कप में इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से पहले अफगानिस्तान को 47 और बांग्लादेश को 50 रन से हराया। इस वर्ल्ड कप में इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड, पाकिस्तान, और अमेरिका को हराया। कनाडा के खिलाफ मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा।

### राशिद कर रहे घातक गेंदबाजी

बांग्लादेश के खिलाफ राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने मध्यक्रम के बल्लेबाज सौम्य सरकार (10) को बोल्ड करते हुए अपना पहला शिकार बनाया। इसके बाद उन्होंने तौहीद हृदोय (14) का विकेट लिया। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर महमूदुल्लाह (6) और रिशाद (0) के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 23 रन देते हुए ये 4 विकेट लिए। वह अफगान टीम से सबसे सफल गेंदबाज रहे। जिसकी बदौलत अफगान टीम सेमी फाइलन में पहुंची।

### गुरबाज ने खेली जुझारू पारी

बांग्लादेश के खिलाफ गुरबाज ने 55 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने इब्राहिम जादरान (18) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की। मौजूदा संस्करण में उन्होंने 7 पारियों में 40.14 की औसत और 126.00 की स्ट्राइक रेट के साथ 281 रन बनाए हैं। वह फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।



### दोनों सेमीफाइनल में बारिश के 70% चांस

इंग्लैंड में इन दिनों बारिश की संभावना बनी हुई है। बारिश के कारण अगर दोनों सेमीफाइनल बेनतीजा रहे तो भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 29 जून को बारबाडोस में फाइनल होगा। भारत व इंग्लैंड मैच में बारिश हुई तो इसके लिए रिजर्व डे नहीं है और टॉपर भारत को फाइनल का टिकट मिल जाएगा। साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के सेमीफाइनल में अगर बारिश हुई तो इसके लिए अगले दिन रिजर्व डे रखा गया है। रिजर्व डे में भी नतीजा नहीं निकल सका तो ग्रुप-2 टॉपर होने के कारण साउथ अफ्रीका को फाइनल का टिकट मिलेगा।

## पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ ने यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया।

### ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार उतरेगा

ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था।

### निर्धारित मानदंडों पर खरे उतरे आयुष

ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना।

### यूरो 2024

## क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ के बाद इटली नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| लीपजिग (जर्मनी)

इटली के स्थानापन्न खिलाड़ी मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में गोल करके क्रोएशिया को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपनी टीम को नॉकआउट चरण में जगह भी दिला दी। इससे पहले क्रोएशिया के लिये लुका मोडरिच ने दूसरे हाफ में गोल किया था।

### इटली को ड्रा की ही जरूरत रही

इटली को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिये ड्रॉ की जरूरत थी जबकि क्रोएशिया को हर हालत में जीत दर्ज करनी थी। क्रोएशिया के तीन मैचों में दो ही अंक है और अब तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिये उसे बाकी मैचों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इटली का सामना अंतिम 16 में शनिवार को स्विटजरलैंड से बर्लिन में होगा।

### डेविड वॉर्नर तीन बार वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रहे

# सेफा से बाहर होते ही वार्नर ने लिया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आज अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। इसी के साथ वॉर्नर का 15 साल का यादगार सफर भारत के खिलाफ करारी हार के साथ समाप्त हुआ। सोमवार रात को भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आखिरी सुपर-8 मैच में 24 रनों से हराया। वॉर्नर वनडे और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने वनडे से संन्यास लेते हुए कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी में जरूरत पड़ी तो मैं उपलब्ध रहूंगा। वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं, इसमें 2015 और 2023 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है। वॉर्नर 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक सोशल पोस्ट ने वॉर्नर के रिटायरमेंट का ऐलान किया। सीए ने पोस्ट में वॉर्नर के 15 साल के करियर के यादगार लम्हे को कुछ फोटो के जरिए दिखाया। 37 साल के वॉर्नर का रिटायरमेंट मंगलवार सुबह खेले गए बांग्लादेश-अफगानिस्तान मैच पर टिका था। सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई मिचेल मार्श ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वॉर्नर का संन्यास अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच के रिजल्ट पर निर्भर करेगी। यदि हमारी टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाती है, तो वॉर्नर अगला मैच खेलेंगे, नहीं तो संन्यास ले लेंगे, हालांकि वॉर्नर ने अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है।



### 2011 में टेस्ट डेब्यू किया था

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2011 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में की था। उन्होंने 112 टेस्ट मैचों में 44.59 की औसत से 8786 रन बनाए। इसमें 26 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

### 45 का औसत रहा वन डे मैच में

वॉर्नर ने वनडे करियर की शुरुआत साउथ अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में 2009 में की थी। उन्होंने वनडे में आखिरी मैच वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ खेला था। अब तक खेले 161 वनडे मैचों में 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 22 शतक और 33 अर्धशतक लगाए।

### टी-20 इंटरनेशनल में वॉर्नर का सफर

वॉर्नर टी-20 इंटरनेशनल में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 110 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 3277 रन बनाए हैं।

हरियाणा सरकार



"हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों को प्लॉट वितरण कर सहायता प्रदान कर रही है।"

**- नायब सिंह**

"हमारी सरकार ने गरीबों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। तेज गति से पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

## अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

**प्रथम चरण में हरियाणा के 14 शहरों में ड्रॉ के माध्यम से करीब 15,250 प्लॉट का आवंटन**

- जगाधरी
- रोहतक
- रेवाड़ी
- पलवल
- सिरसा
- झज्जर
- चरखी दादरी
- गोहाना
- पिंजौर
- करनाल
- महेन्द्रगढ़
- सफीदों
- फतेहाबाद
- जुलाना

- एक मरला प्लॉट मात्र एक लाख रुपये में
- मकान निर्माण हेतु 'प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी' के अंतर्गत 1.5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान
- बैंकों/वित्तीय संस्था से घर निर्माण के लिए कम ब्याज पर 6 लाख रुपये तक के गृह ऋण की सुविधा का प्रावधान

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सुभाष सुधा**

राज्य मंत्री

सभी के लिए आवास (स्वतंत्र प्रभार), हरियाणा

दिनांक - 26 जून, 2024 । समय - प्रातः 10 बजे

स्थान - टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

**अधिक जानकारी के लिए**

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# संसद व संविधान की मर्यादा की रक्षा करें विपक्षी सांसद

18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के दो दिन में सांसदों के शपथग्रहण के दौरान विपक्षी सांसदों की सियासी नौटंकी खूब देखने को मिली। जहां इंडिया ब्लॉक के कई सांसदों ने संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथग्रहण किया तो, एआईएमआईएम के मुखिया व सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने से पूर्व 'बिस्मिल्लाह' बोला, वहीं शपथ के बाद 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन' बोला। कांग्रेस ने ही सत्ता में रहते हुए देश पर आपातकाल थोपा, जिसमें संविधान की धज्जियां उड़ीं, वहीं कांग्रेस शासन के दौरान ही संविधान के अनुच्छेद 356 का संबसे अधिक दुरुपयोग हुआ, कांग्रेस शासन के दौरान ही प्रायोजित तौर पर सिख दंगे हुए, जो संविधान का सीधा उल्लंघन था, इसलिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का संविधान की प्रति हाथ में रख कर शपथ लेना सियासी नौटंकी से अधिक कुछ नहीं है। राहुल गांधी वही शख्स हैं, जिन्होंने अपनी ही सरकार के ऑर्डिनेंस को फाड़ दिया था, देश ने यह भी देखा है, इसलिए संविधान का सम्मान करने की जरूरत सबसे अधिक कांग्रेस व राहुल को है। चुनाव प्रचार के दौरान अपनी बात रखने व भाजपा पर राजनीतिक हमले के लिए संविधान का जिक्र करना समझ में आता है, लेकिन जिस संविधान के प्रावधान के तहत सरकार का गठन हुआ है, जनता ने राजग को बहुमत दिया है, कांग्रेस को भी विपक्ष में रहने का जनादेश दिया है, उस स्थिति का सम्मान नहीं करते हुए, संसद में संविधान की कॉपी लेकर शपथ लेना जहां जनादेश का अस्वीकरण है, वहीं यह निरा सियासी ड्रामा है। इसी के साथ भारतीय संसद में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के बाद ओवैसी का फिलिस्तीन का जयगान करना संसदीय मर्यादा का उल्लंघन है। भारत के इजराइल व फिलिस्तीन दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं, इजराइल व हमास के बीच जारी जंग को फिलिस्तीन से जोड़ना तथ्यों की अनदेखी करना है। फिलिस्तीन की सरकार वेस्ट बैंक में है, गाजापट्टी फिलिस्तान का हिस्सा जरूर है, पर उस पर आतंकी गुट हमास का कब्जा है। फिलिस्तीन की सरकार खुद हमास से संघर्ष कर रही है। हमास को आतंकी गुट हूती व हिज्बुल्लाह से मदद मिलती है। हूती लाल व अरब सागर में भारत के जहाज पर हमला करता रहता है। भारत नीतिगत रूप से आतंकवाद के खिलाफ है। पहले हमास ने ही इजराइल पर आतंकी हमला किया, जिसकी भारत ने उसी वक्त निंदा की। आज इजराइल हमास के खिलाफ जंग लड़ रहा है, न कि फिलिस्तीन सरकार के खिलाफ। एक तो यह थोपा गया युद्ध है, दूसरा इजराइल को अपनी आत्मरक्षा का अधिकार है। यह छिपा नहीं है कि अधिकांश मुस्लिम देश बिना कारण इजराइल के दुश्मन बने हुए हैं। अभी हमास की मदद में ईरान व कतर आ गए, आखिर एक राष्ट्र किसी आतंकी गुट का साथ कैसे दे सकता है? इजराइल व हमास के बीच की जंग को इजराइल व फिलिस्तीन में युद्ध बताना हमास के आतंकी हरकत को ढांपना है। ये सभी बातें ओवैसी को पता है, वे अंतरराष्ट्रीय मसलों के अच्छे विद्वान हैं, इसके बावजूद केवल भाजपा के प्रति विरोध जताने के लिए अपनी ही संसद की मर्यादा को गिराना करना उन्हें शोभा नहीं देता। संसद को ओवैसी पर कानून सम्मत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य के लिए नजीर बने। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की संसद में धार्मिक व जातिगत नारे भी नहीं लगने चाहिए, संसद को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए। सभी सांसद अपनी संसद व संविधान की मर्यादा की रक्षा करें, न कि संसदीय गरिमा को हीन करें।

## पहल

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# नालंदा विवि का पुनरुत्थान एक युगांतकारी कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के महज दस दिन बाद मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में गए हैं। मोदी का नालंदा जाना अनायास नहीं है बल्कि यह उनका चिंतन के बाद लिया गया निर्णय है। मोदी नालंदा के बहाने देश को आगे बढ़ने का संदेश दे रहे हैं। सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। श्रीराम मंदिर की स्थापना के बाद नालंदा हमारे राष्ट्र के पुनरुत्थान का एक और उदाहरण बना है। आक्रांताओं ने नालंदा के वैभव को तीन बार नष्ट किया। दो बार इसका पुनर्निर्माण किया गया। 12वीं शताब्दी में कुतुबद्दीन ऐबक के सेनापति बख्तियार खिलजी ने विश्वविद्यालय के लाखों पुस्तकों वाले पुस्तकालय में आग लगवा दी। इतिहासकारों के अनुसार यह विनाशकारी आग तीन महीने तक भड़कती रही, जिससे वहां सब कुछ नष्ट हो गया। नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनियाभर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था, जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनिया भर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईस्वी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश हो कर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नालंदा वैश्विक हित का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मोदी का मिशन है कि भारत, दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने, इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। नालंदा का फिर से उठ खड़ा होना निश्चय की खुशी का मौका है। यह हमारे शैक्षिक उत्थान की प्रेरणा बनेगा मगर नालंदा की प्रेरणा तभी काम आएगी, जब हम शैक्षिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। अगर हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय पिछड़ गए। हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। मोदी का सपना भारत को विश्व गुरु बनाने का है। यह सपना शिक्षा की बदौलत सच हो सकता है। आज नालंदा फिर से उठ खड़ा हुआ है। इसी तर्ज पर आगे चलकर समूचे देश के विश्वविद्यालयों को प्रगति पथ पर बढ़ाया जाए। यह काम केवल सरकार या संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन के जिम्मे छोड़ने से नहीं होगा। इसके लिए सबको मिलकर काम करना होगा।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

प्रमोद भार्गव

# तीस्ता:चीन को भारत का करारा जवाब

**चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था, लेकिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता से चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमी गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने के समझौते पर भी बातचीत का फैसला लिया है।**

अर्से से चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था, लेकिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता से चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमी गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। दोनों देशों ने गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने और एक समग्र कारोबारी समझौते पर भी बातचीत का फैसला लिया है। बैठक में दस महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कही हैं।

चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था, किंतु कुछ समय पहले इस नदी पर एक विशाल जलाशय बनाने के बहाने चीन ने बांग्लादेश की जमीन पर बहने वाली तीस्ता नदी पर विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई थी। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी थी, किंतु भारत द्वारा आपत्ति उठाए जाने पर बांग्लादेश ने जवाब दिया था कि 'चीनी राजदूत याओ वेन ने बीजिंग से ढाका को तीस्ता जलभराव क्षेत्र के विकास हेतु कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें तीस्ता नदी में वृहद स्तर पर सफाई करने, जलाशय और तटबंध बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं।' दरअसल तीस्ता नदी भारतीय राज्य सिक्किम व पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। इसे सिलिगुड़ी गलियारा या चिकन नेक कहा जाता है। पश्चिम बंगाल में स्थित 28 किमी की भूमि का यह संकीर्ण क्षेत्र है। यह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। भूटान का साम्राज्य इस गलियारे के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। यह भारत के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। अतः भारत इस क्षेत्र में किसी भी बहाने चीन का हस्तक्षेप नहीं चाहता। इस परियोजना पर करीब 8 हजार 300 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। चीन ने इस कार्य को शत-प्रतिशत अपनी पूंजी से पूरा करने की इच्छा शेख हासीना को जताई थी। चीन को इस काम का ठेका मिलने का मतलब, इस क्षेत्र में दखल के साथ नदी के जल प्रवाह का डाटा भी हासिल हो जाता। चीन के साथ भारत के रिश्ते कटुता एवं विश्वास के बने होने के कारण भारत चीन की उपस्थिति अपनी सीमाओं के ईद-गिर्द नहीं चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी भागीदारी से इस नदी पर भारत-बांग्लादेश के बीच जल-बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद और गहरा सकता है? हालांकि 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही जल-बंटवारे पर सहमति से समझौते की बात चल रही है। दोनों पड़ोसी देश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में की गई बांग्लादेश की यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम समय पर समझौते के विरुद्ध खड़ी



हो गईं और तय प्रस्ताव को निलंबित कर दिया गया। अब शेख हसीना और नरेंद्र मोदी की 2022 में परस्पर हुई बातचीत के बाद कुशियारा नदी के संदर्भ में अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं। 1996 में गंगा नदी जल-संधि के बाद इस तरह का यह पहला समझौता है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता माना गया है। यह असम और बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र को लाभान्वित करेगा। 54 नदियां भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के आर-पार जाती हैं और सदियों से दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बनी हुई हैं। इसके बावजूद तीस्ता नदी के जल बंटवारे को अंतिम रूप अब तक नहीं दिया जा सका।

नदियों के जल-बंटवारे का विवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद का विषय बना रहा है। ब्रह्मपुत्र को लेकर चीन से, तीस्ता का बांग्लादेश से, झेलम, सतलुज तथा सिंधु का पाकिस्तान से और कोसी को लेकर नेपाल से विरोधाभास है। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव-बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होती रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच हुए भू-सीमा समझौते के जरिये इस विवाद पर तो कमोबेश विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन बरकरार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश यात्रा पर गए थे, तब ढाका में द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी, लेकिन तीस्ता की उलझन, सुलझ नहीं पाई थी। विदेश नीति में अपना लोहा मनवाने में लगे नरेंद्र मोदी से यह उम्मीद इसलिए ज्यादा है, क्योंकि शेख हसीना दोनों देशों में परस्पर दोस्ती की मजबूत गांठ बांधने के उद्देश्य से भारत आती रही हैं। यह उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 2016 में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश के साथ कुछ बस्तियों और भूक्षेत्रों की अदला-बदली में सफलता प्राप्त की थी। तीस्ता के उद्गम स्रोत पूर्वी हिमालय में स्थित सिक्किम राज्य के झरने हैं। ये झरने एकत्रित होकर नदी के रूप में बदल जाते हैं। नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसलिए सिक्किम और पश्चिम बंगाल के पानी से जुड़े हित इस नदी से गहरा संबंध रखते हैं। तीस्ता सिक्किम राज्य के लगभग समूचे मैदानी क्षेत्रों में बहती हुई बंग्लादेश की सीमा में करीब 2800 वर्ग किमी क्षेत्र मे बहती है। नतीजतन इन क्षेत्रों के रहवासियों के लिए तीस्ता का जल आजीविका के लिए वरदान बना हुआ है। इसी तरह पश्चिम बंगाल के लिए भी यह बांग्लादेश के बराबर ही महत्व रखती है। भारत-बांग्लादेश के मध्य द्विपक्षीय सहयोग की शुरुआत इस देश के अस्तित्व में आने के वर्ष 1971 में ही हो गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से अलग होने वाले स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का समर्थन करते हुए अपनी शांति सेना भेजी और इस देश को पाक की गुलामी से मुक्त कराया। 1983 में दोनों देशों के बीच एक तदर्थ जल हिस्सेदारी पर संधि हुई थी, जिसके तहत 39 एवं 36 प्रतिशत जल बंटवारा तय हुआ। इस समझौते द्वारा तीस्ता नदी के जल वितरण का समान आवंटन का प्रस्ताव ही नई द्विपक्षीय संधियों का अब तक आधार बना हुआ है।

यदि यह समझौता हो जाता है तो इसके सामरिक हित भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बांग्लादेश की आर्थिक कमजोरी के चलते बांग्लादेशी घुसपैठियों की निरंतरता बनी हुई है। बांग्लादेश में करीब 10 लाख म्यांमार से विस्थापित रोहिंग्या शरणार्थी बने हुए हैं। ये सीमावर्ती राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे हैं। लिहाजा तीस्ता एवं अन्य नदियों के जल बंटवारों पर कोई निर्णायक स्थिति बन जाती है तो बांग्लादेश में कृषि और जल आधारित रोजगार मिलने लग जाएंगे, फलस्वरूप भारत में घुसपैठ थमने की उम्मीद की जा सकेगी ? दोनों देशों को संधि के उपरांत संयुक्त रूप से बाढ़ और सूखे की आपदा से निराकरण के उपाय तलाशना भी आसान होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सजगता से दूर होती है चिंता




संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढते हो। उसके उपाय खोजते हो, लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है, इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे होते हैं



संकलित

प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवत कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया, इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है, इसीलिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा रखें

18वीं लोकसभा सत्र की शुरुआत नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण से शुरू हो गई। देश को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित सदस्यों ने जो शपथ ली है, उस पर वो खरा उतरेंगे और हर संसद के सत्र में अपनी उचित भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अबकी बार संसद में सत्ता पक्ष के सामने मजबूत विपक्ष भी है, इसलिए इस बार लोकसभा के सत्र में हंगामा कुछ ज्यादा होने के अवसर भी हैं। इस सत्र में सत्ताधारी पार्टी को चाहिए कि वो बेवजह के ऐसे मुद्दे न उछाले जिससे विपक्ष खफा होकर हो-हल्ला कर सत्र का कीमती समय बर्बाद करे। साथ विपक्ष को भी चाहिए कि वो भी केंद्र की नीतियों के विरोध में बेवजह हो-हल्ला न करे। लोकतंत्र में सदन को ठीक ढंग से चलाना दोनों पक्षों का फर्ज होता है, इसलिए सभी को मर्यादा में रहना चाहिए।

*- राजेश यदु, जगदलपुर*

## ट्रेंड


### प्रतिबद्धता पर सवाल



आज के ठीक 49 साल पहले भारत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल वह काला अध्याय है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। सत्ता के दुरुपयोग का खुला खेल खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल खड़ा करता है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### दिव्य के रूप में पहचान



दिव्यता तब है जब जीवन हम जो हैं उससे ऊपर उठ जाता है। कोई भी इंसान या कोई भी जीवन जो हम जहां हैं उससे ऊपर प्रतीत होता है, हम दिव्य के रूप में पहचानते हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### 1100 पेड़ काट दिए



दिल्ली के रिज क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से 1100 पेड़ काट दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि "अगर अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्यों का पालन नहीं कर रहे हैं तो कोर्ट को संकेत देना होगा कि पर्यावरण को इस तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### पीछा करना बंद करो




दुनिया का नियम है कि लोग आपका पीछा तब करेंगे जब वे आपका विकास देखेंगे, जब आप आकर्षक होंगे और जब आप खुश दिखेंगे। पीछा करना बंद करो, आकर्षित करना शुरू करो।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### भारतीय साहित्य को बढ़ावा देने आर्चर-अमीश पुरस्कार



जाने-माने लेखक लॉर्ड जैफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी ने समकालीन भारतीय कथा साहित्य में प्रतिभाओं और भारतीय कथा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कहानी कला को प्रोत्साहित करने के लिए 25,000 डॉलर के एक नए साहित्यिक पुरस्कार का आगाज किया है। 'आईजीएफ आर्चर-अमीश अवॉर्ड फॉर लिटरेचर' की घोषणा सोमवार को की गई। दोनों लेखक इस घोषणा के लिए ब्रिटेन स्थित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के उद्घाटन पर एक साथ आए। पुरस्कार के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया इस साल शुरू होगी और 2025 में अगले आईजीएफ लंदन सम्मेलन में पुरस्कार के विजेता की घोषणा की जाएगी। 'केन एंड एबेल' और 'द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स' जैसी सबसे अधिक बिकने वाली किताबों के जाने-माने ब्रिटिश लेखक लॉर्ड आर्चर ने कहा, 'पुरस्कार काफी महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे लेखक की रचनाधर्मिता को एक पहचान देते हैं और साथ ही यह भरोसा दिलाते हैं कि लेखन कर्म को अपने दिन रात समर्पित करने वाला लेखक अकेला नहीं है।' उन्होंने कहा, 'लेखन बहुत एकांतवादी प्रक्रिया है जहां आप पूरी तरह अपनी दुनिया में खोए रहते हैं।

## ऑफ बीट

### कुछ ग्रहों के पास कई चंद्रमा कुछ के पास एक भी नहीं



पृथ्वी से रात में ऊपर देखने पर आप सैकड़ों हजारों मील दूर चमकते हुए चंद्रमा को देख सकते हैं, लेकिन अगर आप शुक्र ग्रह पर जाएं तो ऐसा नहीं होगा। हर ग्रह के पास चन्द्रमा नहीं होता। सवाल है कि केवल कुछ ग्रहों के पास कई चन्द्रमा क्यों हैं जबकि कुछ के पास एक भी चंद्रमा क्यों नहीं है? बताते हैं कि कुछ ग्रहों के पास चन्द्रमा क्यों हैं और कुछ के पास क्यों नहीं हैं। सबसे पहले चंद्रमा को प्राकृतिक उपग्रह कहा जाता है। खगोलशास्त्री उपग्रहों को अंतरिक्ष में मौजूद ऐसी वस्तुओं के रूप में संदर्भित करते हैं जो बड़े पिंडों की परिक्रमा करते हैं। चूंकि चंद्रमा मानव निर्मित नहीं है, इसलिए यह एक प्राकृतिक उपग्रह है। वर्तमान में कुछ ग्रहों के चंद्रमा होने के दो मुख्य सिद्धांत हैं। चंद्रमा अगर ग्रह के हिल स्फीयर रेडियस के भीतर होते हैं या सौर मंडल के साथ मिलकर बनते हैं तो गुरुत्वाकर्षण द्वारा खींच लिए या पकड़ लिए जाते हैं। क्या है हिल स्फीयर रेडियस ? वस्तुएं आस-पास की अन्य वस्तुओं पर गुरुत्वाकर्षण बल लगाती हैं जो उन्हें एक दूसरे की तरफ खींचती है। जो वस्तु जितनी बड़ी होगी उसका आकर्षण बल उतना ही अधिक होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## लोकसभा सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली (भाषा)।** अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी ने अंग्रेजी में शपथ ली। शपथ के वक्त उनके हाथ में संविधान की प्रति थी।



### राहुल ने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा लगाया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। राहुल गांधी ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा भी लगाया। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं।




### 'रामायण के राम' ने संस्कृत में ली शपथ

उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण गोविल ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ संस्कृत भाषा में ली। जब शपथ के लिए अरुण गोविल का नाम पुकारा गया तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। गोविल ने टेलीविजन के मशहूर धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाई थी।



### हेमा मालिनी ने राधे-राधे का उद्घोष किया

मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने हिंदी में शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने 'राधे-राधे' का उद्घोष किया। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा सांसद महेश शर्मा ने भी संस्कृत में शपथ ली। उत्तर प्रदेश के नगीना से निर्वाचित आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर ने भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली।




### अखिलेश, डिंपल ने भी ली शपथ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज से निचले सदन के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। शपथ लेते समय उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। अखिलेश यादव के अलावा उनकी पत्नी और मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने शपथ ली।

## खबर संक्षेप

### नवीन सरकार ने रची थी हत्या की साजिशः मांझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने पूर्व की बीजेडी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीएम मोहन माझी ने दावा किया कि पूर्व की बीजेडी सरकार ने उनकी हत्या की साजिश रची थी। बीजेडी ने सीएम के इन आरोपों का खंडन किया है। मोहन चरण माझी ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार को अपने गृह जिले क्योंझर के पहले दौरे पहुंचे।



### ममता ने मंत्री, सांसद और डीएम को फटकारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने एक मीटिंग के दौरान अपने मंत्री, सांसद और जिले के डीएम की जमकर फटकार लगाई। हावड़ा जिला के विधायक गौतम चौधूरी और अरूप राय को ममता बनर्जी ने चेतावनी भी दी। ममता ने अधिकारियों के साथ बैठक की और जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि एमएलए, एमपी, मंत्री, डीएम पैसे ले रहे हैं।



### एनएचआरसी ने दिया तमिलनाडु को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से 47 से अधिक लोगों की जान जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। शराब को पीने से मरने वालों की संख्या 59 तक पहुंच चुकी है।



### रेलवे पर ठोक दिया एक लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे पर यात्रियों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने को लेकर उसपर 1 लाख से अधिक राशि की फाइन लगाया गया है। दिल्ली की एक उपभोक्ता अदालत ने रेलवे को उसकी सेवाओं में कमी और लापरवाही को देखते हुए 1 लाख से अधिक का मुआवजा देने का कहा है। जया के बैग में लैपटॉप, कलाई घड़ी, गहनें समेत कीमती सामान चोरी हुए थे।



### दिल्ली में बुलडोजर पर बवाल, रोकी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक मस्जिद से जुड़े अवैध अतिक्रमण को हटाने की कोशिश पर मंगलवार को खूब हो-हंगाम हुआ। गजरते हुए बुलडोजर के सामने बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। इतना ही नहीं अवैध ढांचे पर बड़ी संख्या में बुर्कानशीं महिलाएं जाकर बैठ गईं। मजबूर होकर एमसीडी को बुलडोजर ऐक्शन को रोकना पड़ा। कुछ हिस्से को गिरा दिया गया था।



## पीएम ने 'एक्स' पर कहा-जिस मानसिकता से आपातकाल लगाया गया था, वह आज भी जीवित

# आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को कुचला, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। आपातकाल की बरसी पर मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि जिस मानसिकता के कारण देश में आपातकाल लगाया गया था, वह आज भी उस पार्टी में जीवित है जिसने इसे लागू किया था। उन्होंने कहा, ₹वे अपने प्रतीकवाद के माध्यम से संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं, लेकिन भारत के लोगों ने उनकी हरकतों को देखा है और इसीलिए उन्होंने उन्हें बार-बार खारिज किया है। मोदी ने कहा कि आज का दिन उन सभी महापुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्हें हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को जाहिर करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने असंख्य मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाया, प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए एक विधेयक लेकर आए, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया।



### कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को कुचला

मोदी ने कहा, आपातकाल के काले दिन हमें याद दिलाते हैं कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को कुचला जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल सत्ता से चिपके रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और राष्ट्र को कारागार बना दिया। उन्होंने कहा, जो भी व्यक्ति कांग्रेस से असहमत होता था, उसे प्रताड़ित किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाते हुए सामाजिक रूप से उन्हें नुकसान पहुंचाने वाली नीतियां शुरू की गईं।₹ साल 1975 में 25-26 जून की दरम्यानी रात से 21 मार्च 1977 तक (21 महीने के लिए) भारत में आपातकाल घोषित किया गया था।

## कांग्रेस का पलटवार : खरगे बोले-मोदी के 'अघोषित आपातकाल' ने लोकतंत्र को गहरा आघात पहुंचाया

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आपातकाल के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को कुदरते रहते हैं, जबकि उनके शासनकाल में 10 साल के ''अघोषित आपातकाल'' ने लोकतंत्र एवं संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र और संविधान का साथ दिया है और आगे भी देती रहेगी। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी जी, देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं। 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीय नागरिकों को जिस 'अघोषित आपातकाल' का आभास करवाया, उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुंचाया है।'

### अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को कुरेदते हैं



#### सरकारों को गिराना आपातकाल

खरगे ने उन्होंने सवाल किया, ''पार्टियों को तोड़ना, चुनी हुई सरकारों को चोर दरवाजे से गिराना, 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्रियों तक को जेल में डालना और चुनाव के पहले सत्ता का इस्तेमाल कर समान अवसर की स्थिति को बिगाड़ना..., क्या यह सब अघोषित आपातकाल नहीं है।

#### 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया

खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, पर उनके कदम इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा, ''जब 146 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित कर तीन क़ानून - भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023; पारित किये गए थे तब यह सहमति वाला शब्द कहां था? '' उन्होंने सवाल किया, ''जब संसद के प्रांगण से छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाओं को बिना विपक्ष से पूछे, एक कोने में स्थानांतरित कर दिया गया, तब यह सहमति वाला शब्द कहां था?'' खरगे ने कहा, ''जब हमारे 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले क़ानून थोपे गए और उनको अपने ही देश में महीनों सड़कों पर बैठने के लिए विवश किया गया, उन पर अत्याचार किया गया, तब यह सहमति वाला शब्द कहां था?'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''नोटबंदी हो, आनन-फ़ानन में लागू किया गया लॉकडाउन हो, या चुनावी बॉण्ड का क़ानून हो, ऐसे सैकड़ों उदहारण है, जिस पर मोदी सरकार ने सहमति और सहयोग का उपयोग तो बिलकुल भी नहीं किया।

## एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला : शाह



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी दल ने 'एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने' के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। साल 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का 'युवराज' करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिये कांग्रेस ने हमारे संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए।'' उन्होंने कहा, ''राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के योग्य नहीं है।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे राहुल गांधी

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास पर हुई इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में सभी ने एक सुर में राहुल गांधी से आग्रह किया कि वे इस जिम्मेदारी को संभालें। इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त सीडब्लूसी ने प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के पद पर बिठाये जाने की वकालत की थी। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनकर संसदीय विधि विधानों में उलझने के बजाय कांग्रेस संगठन की 'ओवरहॉलिंग' उसे देशभर में चुस्तदुरुस्त करने में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मदद करना चाहते थे। वे लगातार वरिष्ठ नेताओं को इस बात के संकेत दे रहे थे कि किसी अन्य नेता को क्या ये जिम्मेदारी दी जा सकती है? मगर, शीर्ष नेतृत्व में कोई भी राहुल गांधी की जगह अन्य नाम पर सहमत नहीं हुआ। नेतृत्व का मानना है कि देशव्यापी यात्रा के बाद राहुल गांधी की छवि जिस मेहनकश, लोकप्रिय नेता के रूप में उभरी है अब समय आ गया है जब वे लोकप्रहरी बनकर संसद में लोक आवाज बनें। सड़क पर आमलोगों के सवालों को उठाया अब बतौर विपक्ष के नेता केंद्र को संसद से सड़क तक घेरें। विपक्षी दल के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी राहुल गांधी से अपील की जिसे वे मना नहीं कर सके।

## भाजपा और कांग्रेस ने संविधान को जातिवादी, सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी बना दिया : मायावती

**लखनऊ (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि इन दोनों दलों ने अंदर ही अंदर मिलकर अनेक संशोधनों के जरिये संविधान को काफी हद तक जातिवादी, सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी बना दिया है। मायावती ने यहां पत्रकारों से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब संसद के अंदर एवं बाहर संविधान की कॉपी दिखाने की होड़ में लगे सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्य एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। मायावती ने कहा, ''अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ उचित नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अंदर-ही-अंदर मिलकर इतने ज्यादा संशोधन कर दिये हैं कि अब यह बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मंशा वाला समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय वाला संविधान नहीं रह गया है।



### वित्त मंत्री सीतारमण करेंगी पेश

# 23-24 जुलाई को आम बजट पेश होने की हो रही है चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक बार फिर यूनियन बजट पेश करने की तैयारी में हैं। मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट 23 या 24 जुलाई 2024 को पेश किया जा सकता है। हालांकि, अभी तक सालाना बजट पेश करने को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस ने लोकसभा चुनाव 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है और अब सबकी नजरें आने वाले यूनियन बजट पर टिकी हुईं हैं। 19 जून को वित्त मंत्री ने आने वाले आम बजट 2024-25 के लिए देशभर के जाने-माने अर्थशास्त्रियों के साथ पहली प्री-बजट मीटिंग की।

बताया जा रहा है कि अभी इस पर आधिकारिक जानकारी नहीं जारी की गई



### आमजन को जीएसटी में छूट के भी संकेत दिए

बजट को संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। मानसून सत्र की शुरुआत 22 जुलाई को होगी और यह 9 अगस्त तक चलेगा। 18वीं लोकसभा का पहला स्पेशल सत्र 24 जून से शुरू हो चुका है जो 4 जुलाई तक चलेगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 22 जून को 53वीं जीएसटी काउंसिल की अध्यक्षता की थी और कई वस्तुओं व सर्विसेज पर लगने वाले जीएसटी से जुड़े कई अलग-अलग प्रस्ताव पास किए। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रिजीम के तहत टैक्स रेट को बेहतर करने और सर्विस में छूट को लेकर कई सुझाव भी दिए हैं। चर्चा है कि आम बजट में इस पर भी ध्यान रहेगा। गौर करने वाली बात है कि निर्मला सीतारमण ने 12 जून को वित्त और कॉरपोरेट मामलों से जुड़े मंत्रालय का कार्यभार संभाला था।

### निर्माण समिति के अध्यक्ष बोले

## राममंदिर में बिजली के पाइप से भरा पानी, भ्रम न फैलाएं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में पहली बारिश में पानी टपकने पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने सफाई दी। मंगलवार को उन्होंने कहा कि राम मंदिर के गर्भगृह में पानी भरने की दो वजह रहीं। पहली, गर्भगृह के आगे गूढ़ मंडप का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते बारिश का पानी मंदिर परिसर में आ गया। दूसरी, मंदिर की पहली मंजिल पर बिजली के तार डालने के लिए पाइप खुला था। इसके जरिए भी पानी मंदिर में आया।उन्होंने कहा कि मैंने खुद मंदिर का निरीक्षण कर सभी



बिंदुओं को देखा है। कुछ लोगों ने केवल मंदिर में पानी टपकने का भ्रम पैदा किया है। मंदिर निर्माण की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्भगृह के आगे गूढ़ मंडप को अभी अस्थायी तरीके से बनाया गया है। इसे हटाकर पक्का किया जाएगा।

### 18 विधायक 'घर वापसी' को तैयारः शरद गुट

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उटलफेर देखने को मिल सकता है। शरद पवार की पार्टी की तरफ से एकबार फिर से दावा किया गया है कि अजित पवार गुट के कई विधायक उनके साथ आ सकते हैं। शरद ने कहा कि पार्टी छोड़कर अजीत गुट में शामिल होने वाले 18 से 19 विधायक उनके पक्ष में हैं। वे कभी भी इनकी पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

## पीएम मोदी करेंगे चिनाब रेलवे ब्रिज का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बनकर तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज चिनाब ब्रिज का पीएम मोदी जुलाई में उद्घाटन कर सकते हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार, रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) डीसी देशवाल 46 किमी लंबे सांगलदान से रियासी खंड का दो दिनों तक निरीक्षण करेंगे। सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना में से एक जम्मू-कश्मीर को रेल मार्ग से पूरे देश से जोड़ने के लिए चिनाब ब्रिज महत्पूर्ण है। बता दें, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जिस वीडियो में संगलदान और

- जम्मू-कश्मीर को रेल मार्ग से पूरे देश से जोड़ने के लिए ब्रिज महत्पूर्ण
- अगले महीने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर शुरू होंगी रेल सेवाएं

रियासी के बीच उद्घाटन ट्रायल रन दिखाया। चिनाब ब्रिज और संगलदान-रियासी के बीच रेलवे अधिकारियों द्वारा निरीक्षण 27 और 28 जून को किया जाएगा। सीआरएस निरीक्षण के लिए आवश्यक कार्य समय पर पूरे कर लिए गए हैं। अगले महीने जुलाई में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के जरिए रामबन से रियासी तक ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

## नेता मेरे साथ नहीं, आरक्षण की लड़ाई अकेले लड़ रहा : जरांगे



**छत्रपति संभाजीनगर (भाषा)।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने मंगलवार को दावा किया कि अलग-अलग दलों से होने के बावजूद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता आरक्षण के मुद्दे पर एकजुट रहे हैं जबकि दूसरी ओर उनके अपने समुदाय के नेता इस लड़ाई में उनके साथ नहीं हैं और वह अकेले यह लड़ाई लड़ रहे हैं। निजी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान जरांगे ने यह बात कही। कुछ दिन पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जरांगे ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नवीनतम चरण की शुरुआत आठ जून को की थी और छह दिन बाद इसे स्थगित कर दिया था। वह मसौदा अधिसूचना को लागू करने की मांग कर रहे हैं जिसमें कुनबी को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगेसोयरे' (रक्त संबंधी) के तौर पर मान्यता दी गई है। कुनबी कृषक समुदाय है और ओबीसी के अंतर्गत आता है। जरांगे की मांग है कि कुनबी का प्रमाणपत्र मराठा समुदाय के सभी सदस्यों को जारी किया जाए ताकि उन्हें भी आरक्षण का लाभ प्राप्त करने की अर्हता मिल सके। हालांकि, ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके और उनके समर्थक मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की जरांगे की मांग का विरोध कर रहे हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरुग्राम | द्वारका एक्सप्रैस वे, सेक्टर-99-115, गुरुग्राम के साथ-साथ जीएमडीए क्षेत्र में बस क्यू शेल्टर्स का विकास। | 21.06.2024 11.07.2024 | 1582.18 लाख | https://www.gmda.gov.in | 8851038654 eng1mobl.gmda@gov.in |
| 2 | जीएमडीए गुरुग्राम | सदर्न पेरीफरल रोड से नॉर्दन पेरीफरल रोड, सेक्टर 68-95, गुरुग्राम तक जीएमडीए क्षेत्र में बस क्यू शेल्टर्स का विकास। | 21.06.2024 11.07.2024 | 1798.24 लाख | https://www.gmda.gov.in | 8851038654 eng1mobl.gmda@gov.in |
| 3 | जीएमडीए गुरुग्राम | यातायात के भीड़-भाड़ के कारण विभिन्न जंक्शंस / इंटरसेक्शंस पर पोर्टेबल सोलर सिग्नल लाइट्स की स्थापना। | 24.06.2024 04.07.2024 | 40.90 लाख | https://www.gmda.gov.in | 8851038654 eng1mobl.gmda@gov.in |
| 4 | जीएमडीए गुरुग्राम | जीएमडीए क्षेत्र, गुरुग्राम में फुट ओवर ब्रिजेज (एफओबीएस) का निर्माण। | 24.06.2024 15.07.2024 | 1643.13 लाख | https://www.gmda.gov.in | 8851038654 eng1mobl.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/27130/I/88/6 दि. 25.06.24

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## भारतीय सेना में जल्द शामिल होंगे खास तकनीक से बने रोबोटिक डॉग

# एलएसी पर चीन का करेंगे मुकाबला निगरानी के लिए लगे हैं थर्मल कैमरे

- रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित होते हैं
- एक घंटे में रिचार्ज होते हैं
- रिचार्ज के बाद 10 घंटे तक काम करने में सक्षम
- 18 सेमी ऊंची सीढ़ियां चढ़ने में सक्षम
- पेलोड क्षमता 10 किलोग्राम
- वजन 51 किलो, लंबाई 27 इंच

*रोबोटिक डॉग भारतीय सेना का जल्द हिस्सा बनने जा रहे हैं। इनका उपयोग निगरानी और हल्के वजन ढोने के लिए तैनात किया जाएगा। इन्हें भारत-चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात किया जा सकता है।*

*45 डिग्री वाले पहाड़ी इलाके में आसानी से चढ़ते हैं*







एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना लंबे समय से मिलिट्री टेक्नोलॉजी में नई तकनीकों की खोज कर रही है। अब जल्द ही भारतीय सेना रोबोटिक डॉग यानी मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (म्यूल) को सेना का हिस्सा बना सकती है। इन रोबोटिक डॉग को फिलहाल निगरानी और हल्के वजन को ढोने के लिए तैनात किया जाएगा। वहीं इन्हें चीनी सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात किया जा सकता है।

बता दें, पिछले साल जम्मू में हुए नॉर्थ टेक सिंपोसियम 2023 में भारतीय सेना के लिए खासतौर पर बनाए गए रोबोटिक डॉग की काफी चर्चा हुई थी, जिसे युद्ध और निगरानी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया था।

यह म्यूल न केवल बर्फ और पहाड़ों में चल सकता है, बल्कि उन संकरी और अंधेरी जगहों में भी जा सकता है, जहां आतंकवादी या दुश्मन छिपे हो सकते हैं। यह आतंकियों के साथ 'फर्स्ट कॉन्टैक्ट' में बेहद काम आ सकता है, जहां यह तो पता है कि यहां दुश्मन छिपा बैठा है, लेकिन उसकी सटीक लोकेशन के बारे में कोई अंदाजा नहीं है। ऐसे में यह म्यूल अपने 360 डिग्री कैमरों की मदद से उनकी सही लोकेशन का पता लगा कर, फायरिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके दुश्मन को मार गिराया जा सकता है।

### 10 किमी तक की दूरी से कर सकते हैं कंट्रोल

इसी साल 12 मार्च को भारतीय सेना ने पोकरण में हुए भारत शक्ति सैन्य युद्धाभ्यास में ऐसे ही एक म्यूल की झलक दिखाई थी। थर्मल कैमरों और रडार से लैस यह म्यूल ऊबड़-खाबड़ जमीन, 18 सेमी ऊंची सीढ़ियों और 45 डिग्री वाले पहाड़ी इलाकों में भी आसानी से चढ़ सकता है। इस रोबो म्यूल डॉग की चार टांगें हैं और इसका वजन करीब 51 किलो और लंबाई 27 इंच के आसपास है। यह 3.15 घंटों तक लगातार चल सकता है। मात्र एक घंटे में रिचार्ज हो कर यह लगातार दस घंटे तक काम कर सकता है। इसकी पेलोड क्षमता 10 किलोग्राम है, थर्मल कैमरे और रडार जैसे कई उपकरण इसमें लगाए जा सकते हैं। इसे वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए, वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी/एलटीई का उपयोग 10 किमी तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। म्यूल एक एनालॉग-फेस वाली मशीन है, जिसे रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित किया जाता है। इसमें एक इंटीग्रेटेड फायरिंग प्लेटफॉर्म भी है।

### पिछले साल की थी आपातकालीन खरीद

*पिछले साल सितंबर में आपातकालीन खरीद के लिए 100 रोबोटिक्स कुत्तों का ऑर्डर दिया गया था। इनमें से 25 ऐसे म्यूल्स को सेना को सौंपने से निरीक्षण पूरा हो चुका है। इन्हें जल्द ही सेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है। चूंकि यह एक आपातकालीन खरीद थी, जिसके तहत 300 करोड़ रुपए के ही अनुबंध दिए जा सकते हैं। सेना जल्द ही इनकी बड़ी खरीद के लिए प्रपोजल जारी करेगी।*

### छोटे हथियार भी ले जाने में सक्षम

रोबोट डॉग्स में निगरानी के लिए थर्मल कैमरे और अन्य सेंसर लगे हैं। इनमें छोटे हथियार भी लगाए जा सकते हैं। इनका इस्तेमाल सीमा पर तैनात जवानों तक छोटे-मोटे सामान ले जाने के लिए भी किया जा सकता है। भारत ने भी 12 मार्च को राजस्थान के पोकरण में हुए सैन्य अभ्यास में म्यूल का प्रदर्शन किया था।

## 2030 तक अंधेरे भाग में इंसानों को भेजने का लक्ष्य रखा

# चांद के अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाने वाला पहला देश बना चीन





एजेंसी ▸▸ बीजिंग

चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंगई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंगई-6 मिशन लॉन्च किया था।

इसका लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी का हिस्सा है।

### 2 किलो मिट्टी लाया

दरअसल, अब तक की रिसर्च में संभावना जताई गई है कि चांद के इस हिस्से पर बर्फ के तौर पर पानी मौजूद है। अमेरिका भी चांद के इसी हिस्से पर अपना बेस बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, चैंगई-6 मिशन अपने साथ चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लेकर लौटा है।

### रिसर्च बेस बनाएगा चीन

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि इस मिशन की सफलता चीन के सपने को सच करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके जरिए चीन स्पेस पावर बनने के और करीब पहुंच गया है। इंसानों को भेजने के अलावा चीन 2030 तक चांद के साउथ पोल पर एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है।

### लद्दाख बना पूर्ण कार्यशील साक्षरता प्राप्त करने वाली प्रशासनिक इकाई

■ **नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के तहत**

**नई दिल्ली।** लद्दाख को पूर्ण कार्यशील साक्षरता प्राप्त करने वाली प्रशासनिक इकाई घोषित किया गया है। उपराज्यपाल डॉ. बीडी मिश्रा ने लेह में यह जानकारी दी। सिंधु सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के तहत 97 प्रतिशत से अधिक साक्षरता प्राप्त करने के मद्देनजर लद्दाख को पूर्ण कार्याशील साक्षरता प्राप्त करने वाली प्रशासनिक इकाई घोषित किया गया है। इस अवसर पर लद्दाख के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव संजीव खिरवार और 500 से अधिक नव साक्षर व स्वयंसेवी उपस्थित थे।

## यूएस के उप-विदेश मंत्री का बड़ा बयान

# विज्ञान में भारतीय छात्रों की जरूरत, चीनियों की नहीं

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका को विज्ञान विषय की पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों की जरूरत है, चीन के छात्रों की नहीं। अमेरिकी विश्वविद्यालय सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी छात्रों की संवेदनशील तकनीक तक पहुंच को सीमित कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि मानविकी जैसे विषयों की पढ़ाई के लिए चीन से आने वाले छात्रों का स्वागत है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में कर्ट कैंपबेल ने कहा कि मैं चाहता हूं कि चीनी छात्र बड़ी संख्या में पढ़ाई करने अमेरिका आएं, लेकिन विज्ञान की बजाय मानविकी और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों की।' अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि पर्याप्त अमेरिकी छात्र विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) की पढ़ाई नहीं कर रहे हैं।




डाउन पेमेंट 1999* | न्यूनतम EMI ₹1999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | बिना हाइपोथिकेशन* | इंस्टेंट 5% का कैशबैक ₹3000* तक HDFC BANK | डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें | CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers BOOK NOW

*नियम व शर्तें लागू। यह ऑफर केवल पाइन लैब्स की मशीनों के ज़रिए एच.डी.एफ.सी. बैंक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से किए गए ई.एम.आई. लेन-देन के लिए होंडा के सभी टू-व्हीलर मॉडलों पर उपलब्ध है। ग्राहक 5% इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा रु.3000 है। ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड/ऑर्डर एक लेन-देन पर मान्य है। यह ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। यह योजना केवल चुनिंदा आउटलेट्स में उपलब्ध है। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Kamal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**